हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 15 जून 2026
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



**खबर संक्षेप**

## क्रीमीलेयर 2017 के बाद नहीं हुआ रिवाइस, पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**भिलाई।** क्रीमीलेयर को रिवाइस करने की मांग ओबीसी एक्टिविस शांति दास साहू ने की है। उन्होंने इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि यह ज्ञापन गैर-राजनीतिक है। किसी भी जाति, समाज, धर्म, संप्रदाय एवं राज्य के विरुद्ध नहीं है। भारतीय संविधान एवं कानून के अंतर्गत है। उन्होंने कहा कि क्रीमीलेयर आय सीमा में वृद्धि की जाए। क्रीमीलेयर आय सीमा 8 लाख वार्षिक से बढ़ाकर 15 लाख वार्षिक किया जाए। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन हो। ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत किया जाए। केंद्रीय ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र जारी किया जाए। सुप्रीम कोर्ट एवं हाई कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति में एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों के प्रतिनिधित्व और आरक्षण पर विचार किया जाए। ओबीसी का अलग से मंत्रालय बनाया जाए। 33 प्रतिशत महिला आरक्षण में 27 प्रतिशत ओबीसी महिला आरक्षण हो। शांतिदास साहू ने कहा कि कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार का कैबिनेट मंत्री स्वयं देश का प्रधानमंत्री है, लेकिन अपने ही मंत्रालय का बनाया हुआ नियम लागू नहीं करवर पा रहे है। लागू क्यो नही किया गया? पालन कब करेंगे? कौन रोक रहा है? किसने रोका है? इसलिए इस नियम को लागू किया जाए।

## ओए के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में हुए लाभान्वित



**भिलाई।** ऑफिसर्स एसोसिएशन, बीएसपी व बालाजी हॉस्पिटल, रायपुर द्वारा प्रगति भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। बीएसपी के अधिकारियों, कार्मिकों तथा अन्य नागरिकों ने भाग लिया। शिविर में श्री बालाजी हॉस्पिटल, रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। इनमें डॉ. रवि धर नेफ्रोलॉजी, डॉ. पराग सागर कार्डियोलॉजी, डॉ. रूतिक पटेल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, डॉ. आर्चित वर्मा ऑर्थोपेडिक्स, डॉ. वैभव कुशवाहा ऑन्कोलॉजी तथा डॉ. सलभ अग्रवाल जनरल मेडिसिन शामिल थे। सेफी के चेयरमैन एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एनके बंछोर तथा सौभाग्य रंजन साहू , सौभाग्य रंजन साहू, रेमी थॉमस, प्रहलाद मौर्या, एक्स-ओए अध्यक्ष एसआर दास, पूर्व महासचिव परविंदर सिंह, राजीव पांडेय आदि उपस्थित थे।

# यूनिवर्सिटी का पोर्टल खुला, कल से बीए, बीकॉम, बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर में दाखिला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

हेमचंद यूनिवर्सिटी दुर्ग में दाखिला 16 जून से शुरू हो जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सत्र 2026-27 के तहत स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश के लिए अधिसूचना जारी किया गया हैं। यूनिवर्सिटी के अंतर्गत 150 सरकारी कॉलेजों में दाखिले के लिए विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन फार्म भरेंगे। बीए, बीकॉम, बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर में दाखिला प्रवेश पोर्टल के माध्यम से लिया जा सकेगा। इस बार यूनिवर्सिटी ने विद्यार्थियों के लिए यह सुविधा दी है कि एक विद्यार्थी दस कॉलेजों में दाखिले के लिए एक साथ आवेदन भर सकता है। पिछली बार पॉंच कॉलेजों में आवेदन करने की सुविधा दी गई थी। जिससे कॉलेजों में काफी सीटें खाली चली गई थी। इसलिए यूनिवर्सिटी ने ऐसा निर्णय लिया है। अपने मोबाइल से भी फार्म भरने की बड़ी सुविधा विद्यार्थियों को दी गई है।

**इस बार एक विद्यार्थी दस कॉलेजों में दाखिले के लिए भर सकता है फार्म**

### पहले चरण में प्रवेश 16 जून से 5 जुलाई तक

कॉलेजों में पहले चरण में प्रवेश के लिए 16 जून से 5 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मेरिट सूची जारी करने की तिथि 6 जुलाई तय किया गया हैं। मेरिट सूची के आधार पर 6 से 15 जुलाई तक जरुरी दस्तावेज जमा कर स्टूडेंट्स प्रवेश ले सकेंगे। वहीं दूसरे चरण में प्रवेश के लिए 16 से 26 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। मेरिट सूची जारी करने की तिथि 27 जुलाई तय किया गया हैं। मेरिट सूची के आधार पर 27 से 31 जुलाई तक प्रवेश ले सकेंगे।




### पहले रजिस्ट्रेशन होगा फिर पासवर्ड मिलने के बाद फॉर्म भरेंगे

यूनिवर्सिटी ने कहा है कि विद्यार्थी लिंक के माध्यम से सबसे पहले रजिस्ट्रेशन करेंगे। जिसके बाद यूजर आईडी. एवं पासवर्ड प्राप्त कर प्रवेश आवेदन फार्म भरेंगे। मेरिट सूची जारी होने के बाद सूची में नाम आने पर संबंधित विद्यार्थी को कॉलेज में निर्धारित तिथि तक जरुरी सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। प्रथम स्तर पर प्रवेश निर्धारित विषयों में दिया जाएगा। पहली मेरिट सूची में प्रवेश से वंचित छात्रों को मेरिट के आधार पर दूसरी मेरिट सूची में शामिल किया जाएगा।

### इन विषयों के लिए प्रवेश पोर्टल खुला

यूनिवर्सिटी से जारी अधिसूचना के अनुसार बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए, बीबीए, बीएससी गृह विज्ञान, डीसीए संकाय में प्रवेश के लिए पोर्टल खोला गया हैं। स्वाध्यायी (प्राइवेट) विद्यार्थियों के पंजीयन के लिए पोर्टल अलग से खोला जाएगा। जिसकी सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट में दी जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग से जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के अनुसार कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सीटें रिक्त होने पर कुलपति की अनुमति से 14 अगस्त तक प्रवेश ले सकेंगे

### डॉटा ऑनलाइन वेरीफिकेशन अनिवार्य

एनईपी 2020 के स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए कॉलेज की संबद्धता एवं उपलब्धता के आधार पर प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए विषय आबंटित किया जाएगा। विद्यार्थी के प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ऑनलाइन माध्यम से भी डाटा को वेरिफाई करना अनिवार्य होगा। यदि विद्यार्थी का नाम उसके द्वारा चयन 10 कॉलेजों में से किसी भी मेरिट सूची में शामिल नहीं है तो उन्हें दोबारा नवीन प्रवेश आवेदन फार्म भर सकते हैं। जिसके लिए उन्हें दोबारा रजिस्ट्रेशन करने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अपने उसी आईडी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर दोबारा प्रवेश आवेदन फार्म भर सकेंगे। प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत का अवलोकन करने के बाद प्रवेश आवेदन फार्म भरने अपील किया गया हैं।

### अपार आईडी बनाना अनिवार्य

यूनिवर्सिटी के मुताबिक आईडी बनने के बाद ही विद्यार्थी प्रवेश आवेदन फार्म भर सकेंगे। प्रवेश पोर्टल में दिए गए लिंक में जरुरी प्रोसेस करना होगा। ऐसे नियमित विद्यार्थी जिन्होंने पहले से आईडी बना ली हैं, उन्हें दोबारा आईडी बनाने की आवश्यकता नहीं है। दो चरण में प्रवेश के लिए शेड्यूल जारी किया गया है। प्रवेश आवेदन फार्म पूर्णतः निःशुल्क है। यूनिवर्सिटी ने इस बार विद्यार्थियों के लिए बड़ी सुविधा भी शुरू की है। अब मोबाइल के माध्यम से भी प्रवेश आवेदन फार्म भर सकेंगे। इसके लिए उन्हें अपने अंतिम परीक्षा की अंकसूची (यदि प्राप्त नहीं हुई है तो इंटरनेट से प्राप्त की हुई प्रति) प्रमाणपत्र, फोटो, हस्ताक्षर आदि पहले से ही स्कैन करके रखना होगा। जिससे अपलोड करते समय परेशानी न हो। ऑनलाइन प्रवेश आवेदन करने के बाद आवेदन की एक प्रति संबंधित महाविद्यालय एवं एक प्रति संबंधित छात्र, छात्रा के आईडी पर अपलोड हो जाएगी। जिसे विद्यार्थी कभी भी डाउनलोड या प्रिंट कर सकते हैं।

### नियमित कर्मियों व श्रमिक वर्ग में 40 प्रतिशत कटौती की है तैयारी


# बीएसपी का वर्षों से मदर प्रोडक्ट है रेल और प्लेट, मैनपावर पर ब्रेक से होगा प्रभावित

**मेहनतशों की वर्षों की मेहनत से बने कीर्तिमान, यूनियनों का विरोध**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सेल के सबसे बड़ा उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र वर्षों से अपने मदर प्रोडक्शन के लिए भी देश में एक अलग पहचान बनाए हुए है। लेकिन आगे उसे इनके उत्पादों के विकास के लिए मेन पावर की समस्या का सामना करना पड़ेगा। यूनियनों ने इन प्रमुख उत्पादों के साथ सेल के विस्तार को देखते हुए मेन पावर पर फोकस किए जाने पर जोर दिया है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में पिछले करीब पचास साल से कई स्टील उत्पादों के साथ रेल और प्लेट के प्रोडक्ट का अहम योगदान रहा है। इनके नित नए कीर्तिमानी सफर में नियमित कर्मचारियों के साथ ठेका मजदूरों का महती अवदान है। दुनिया की सबसे लंबी रेल निर्माण और भारतीय रेलवे को विभिन्न श्रेणियों की रेल पांतों की सप्लाई में एकाधिकार के साथ घरेलू व विश्व बाजार में स्थान दिलाने मेहनतकशों की सालो की मेहनत रही है। यूनियनों के मुताबिक इनकी बदौलत ही प्रबंधन दोनों उत्पादों के गुणवत्ता और रिकार्ड मात्रा उत्पादन करने में सफलता हासिल कर रहा है। लेकिन अब आगे विपरीत हालातों में बीएसपी को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। इसकी वजह सरकार और सेल प्रबंधन दोनों के ही द्वारा देशव्यापी छंटनी के तहत सेल व बीएसपी में भी नियमित कर्मचारियों अधिकारियों के साथ ठेका मजदूरों की कटौती की कवायद शुरु कर दी गई है। नियमित कर्मचारियों की तादाद कम करने के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना शुरु कर दी गई है वहीं अनिवार्य सेवानिवृत्ति की तैयारी चल रही है। जबकि ठेका मजदूरों की 40 प्रतिशत कटौती किए जाने का निर्णय लिए जा चुका है। यूनियनें इसका चौतरफा पुरजोर विरोध किया जा रहा है। यदि इतनी इतनी बडी संख्या में मेन पावर कम हो जाएगा तो बीएसपी के दोनों माईं प्रोडक्ट के साथ अन्य उत्पादों के उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा और बेकारी बढ़ने से कई तरह की समस्याएं भी बढ़ जाएंगी।



### राष्ट्रीय परियोजनाओं में प्लेट व रेल का रोल

बीएसपी के मदर प्रोडक्ट प्लेटों और रेल का भारत की बड़ी राष्ट्रीय परियोजनाओं के निर्माण में अहम भूमिका रही है। वहीं इंडियन रेलवे की शतप्रतिशत रेल की आपूर्ति में जहां बीएसपी का वर्चस्व बना हुई है साथ ही रेल की स्पीड और यात्रा को और सुरक्षित व आरामदायक बनाने में योगदान रहा है। विदेशों व घरेलू बाजार में भी दोनों महती उत्पादों की सप्लाई होती है। आईएनएस विक्रांत और पीएम मोदी द्वारा हाल ही में देश के की सबसे बड़ी सब मरीन से लेकर सबसे बड़े लेह के ब्रिज और देश के बडे बड़े फ्लाईओवरों वतीन सौ रेलवे स्टेशनों के नवनिर्माण में प्लेटों व अन्य गुणवत्तायुग्त उत्पादों का उपयोग हुआ है। ओए व बीएसपी के मुताबिक इन दोनों उत्पादों के कारण ही बीएसपी लंबे समय तक प्राफिट में रहा है। इसके पीछे मजबूत मेनपावर के साथ मजबूत प्रबंधन का इतिहास रहा है।

### 1 लाख में बचेगा मात्र 12 हजार मेनपावर

वर्ष 2035 तक सेल के विस्तार और 31 मिलिटन टन इस्पात के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रबंधन काम कर रहा है। यूनियनों के मुताबिक बीएसपी के स्थापना 1959 से 1 मिलियन से मौजूदा 5 मिलियन टन तक के सफर में 65 हजार नियमित कार्मिक व करीब 30 हजार ठेका मजदूरों का योगदान रहा है। लेकिन आज मेन पावर तेजी से कम किया जा रहा है। इंटक के महासचिव संजय साहू बताते हैं कि वर्तमान में मात्र 10 हजार रेगुलर व 22 हजार मजदूर ही बचे हैं। 22 सौ अधिकारी है। लेकिन अब वीआर,सीआर व 40 प्रतिशत श्रमिकों की कटौती से मेनपावर चिंताजनकस्तर पर कम हो जाने से समस्या बड़ेगी। सीटू के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी बताते हैं कि नई भर्ती बंद होने व कर्मियों के लगातार रिटायर होने से उत्पादन पर असर के साथ हजारों कर्मचारी सड़क पर आ जाएंगे। मात्र 12 हजार मेनपावर ही बचेगा।प्लांट और मेहनतकशों के हित में 40 प्रतिशत कटौती का देशव्यापी विरोध के साथ यहां भी यूनियनों लगातार धरना प्रदर्शन कर रही हैं।

# अग्रसेन चौक और मेनो नाइट चर्च के पास से निगम ने हटाया अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर अग्रसेन चौक एवं उसके आसपास सड़क एवं आवागमन क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित किए जा रहे ठेले-खोमचों को हटाने की कार्रवाई की गई। मेनोनाइट के पास से सड़क पर दुकान लगाने वालों पर भी कार्रवाई की गई।

- **दोबारा सड़क घेरने पर होगी सामान जब्ती व जुर्माना**

यह कार्रवाई अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर के नेतृत्व में निगम अमले एवं पुलिस बल की मौजूदगी में संपन्न हुई। अभियान के दौरान सड़क किनारे एवं चौक क्षेत्र में यातायात बाधित कर रहे सभी ठेले-खोमचों को हटवाया गया, जिससे आवागमन सुचारू हो सके तथा नागरिकों को जाम एवं असुविधा से राहत मिल सके। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर ने संबंधित ठेला संचालकों एवं व्यापारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि सार्वजनिक सड़क, चौक एवं आवागमन क्षेत्र में दोबारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर यातायात व्यवस्था बाधित न करें। यदि भविष्य में पुनः अतिक्रमण करते पाए गए तो निगम द्वारा सामान जब्त करने के साथ-साथ नियमानुसार जुर्माना एवं कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाना तथा नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है। निगम प्रशासन द्वारा प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों एवं व्यस्त मार्गों पर नियमित निगरानी रखी जा रही है। शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद बघेल व पांडेय के प्रयास से लीज नवीनीकरण : भोजराज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



नगर निगम भिलाई के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने भिलाई इस्पात संयंत्र की लीज नवीनीकरण से जुड़े लंबित मामले के निदान के लिए सांसद विजय बघेल और पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय के प्रति आभार जताया है। बताया है कि लीज नवीनीकरण का राशि में हो जाने का लाभ टाउनशिप के व्यापारियों सहित सामाजिक, धार्मिक व शैक्षणिक आदि संस्थाओं को मिलेगा।

श्री सिन्हा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि टाउनशिप के व्यापारियों सहित प्रभावित लोग पिछले कई साल से लीज नवीनीकरण के लिए संघर्ष कर रहे थे। इसमें पूर्व स्पीकर श्री पांडेय व सांसद श्री बघेल ने प्रयास किए और इस मामले को प्रबंधन के साथ सेल स्तर पर मजबूती से रखा। जिस कारण हजारों परिवारों को राहत मिलेगी। समाधान से व्यापारी वर्ग, सामाजिक धार्मिक भवनों व शैक्षणिक आदि भवनों का लीज नवीनीकरण बहुत कम राशि पर हो जाएगा।

### किसे मिला फायदा

**व्यापारी वर्गः** हजारों दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों से जुड़ी आजीविका सुरक्षित हुई।
**सामाजिक संस्थानः** समाज के भवन, धर्मशाला, सामुदायिक केंद्रों को स्थायित्व मिलेगा।
**शिक्षा जगतः** बीएसपी जमीन पर चल रहे स्कूल-कॉलेजों का संचालन जारी रहेगा।
**धार्मिक स्थलः** मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च जैसे आस्था केंद्रों को संरक्षण मिला।
**नेता प्रतिपक्ष ने क्या कहा :** भोजराज सिन्हा ने कहा, भिलाई के विकास और यहां के नागरिकों के हितों को सांसद विजय बघेल जी और प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने हमेशा प्राथमिकता दी है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व से आज हजारों परिवारों और संस्थाओं को राहत का माहौल मिला है।

# सड़क हादसों में कमी लाने नशेड़ी चालकों पर होगी कार्रवाई

**भिलाई।** सड़क हादसों में कमी लाने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा अभियान चलाकर नशेड़ी वाहन चालको के खिलाफ कार्रवाई किया है। ब्लैक स्पॉट, ग्रे स्पॉट, मार्केट क्षेत्र, चौपाटी, माल रोड समेत अन्य प्रमुख मार्गों पर पिक्स चेकिंग पॉइंट स्थापित कर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की जा रही है। विगत एक सप्ताह के दौरान शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए गए 109 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। वर्ष 2026 में अब तक कुल 1506 वाहन चालकों पर धारा 185 के अंतर्गत कार्रवाई हुई। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा सड़क हादसों की रोकथाम, सुरक्षित ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले लक्जरी वाहन, बस, कार,भारी



वाहन चालकों पर सघन जांच की गई। अभियान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन प्रातः और रात को चल रहा है। 1 जनवरी 2026 से 13 जून तक 6 माह में 1506 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है। प्रकरणों में न्यायालय द्वारा वाहन चालकों से 10,000 से 15,000 तक का अर्थदंड किया गया है। 14 जून 2026 को प्रातः वाहन जांच के दौरान तवेरा वाहन चालक को शराब सेवन कर वाहन चलाते पाया गया। ब्रेथ एनालाइजर परीक्षण में चालक के शरीर में 140/100 अल्कोहल की मात्रा पाई गई।

# गांव के चहुंमुखी विकास पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के अंतर्गत उरला के ग्राम विकास समिति की बैठक हुई। इस अवसर पर ग्राम के चहमुखी विकास पर चर्चा की गई।

- **बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि पर दिया जोर**

जागृत दास बंजारे उपाध्यक्ष सतनामी समाज अहिवारा विधानसभा ने गांव के कुछ प्रमुख समस्याओं पर ध्यान आकर्षण कराया। छन्नू बंजारे ने कहा कि गांव के विभिन्न कार्यों को धरातल पर लाने कि जरूरत है। रामकुमार साहू



ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि कार्य और बढ़ते नशाखोरी में नियंत्रण के साथ ही साथ सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में सहभागिता प्रदान करना हमारे ग्राम विकास समिति का लक्ष्य रहेगा। सभी वरिष्ठजनों ने अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान ग्राम विकास समिति के कोषाध्यक्ष विष्णु देवांगन प्रहलाद पटेल, श्यामरतन साहू, मणित पटेल, लक्ष्मण निर्मलकर, विपिन पाल, तहसील साहू संघ भिलाई-चरोदा अध्यक्ष दीपक साहू, कथा वाचक हरीश साहू ग्राम विकास समिति के सचिव उत्तम निर्मलकर सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कथा हरीश साहू ने और आभार प्रदर्शन रविकांत मानिकपुरी ने किया।

### बीएसपी और सीटीटीसी भुवनेश्वर के बीच एमओयू

# उन्नत कौशल विकास को मिलेगा नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) द्वारा स्वायत्तशासी संस्था सेंट्रल टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर (सीटीटीसी), भुवनेश्वर के साथ सेक्टर-5 में अत्याधुनिक स्किल डेवलपमेंट एक्सटेंशन सेंटर की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। कार्यक्रम इस्पात भवन में हुआ। बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार मुख्य अतिथि थे और मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बिजय कुमार बेहेरा और टीके कृष्णकुमार उपस्थित थे। समझौता ज्ञापन पर बीएसपी की ओर से महाप्रबंधक प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव तथा सीटीटीसी



भुवनेश्वर की ओर से महाप्रबंधक एल राजशेखर ने हस्ताक्षर किए।इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य एक उन्नत प्रशिक्षण एवं कौशल विकास केंद्र की स्थापना करना है, जिससे बीएसपी के कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, स्थानीय युवाओं तथा अन्य हितधारकों को उद्योगोन्मुख तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके। प्रस्तावित एक्सटेंशन सेंटर आधुनिक औद्योगिक तकनीकों एवं उभरते विनिर्माण क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करने का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। केंद्र में ऑटोमेशन, सीएनसी मशीनिंग, एडवांस्ड हाइड्रोलिक एवं न्यूमैटिक सिस्टम, आधुनिक वेल्डिंग तकनीक, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन, पावर सिस्टम, मोटर ड्राइव्स, मेकाट्रॉनिक्स, वाइब्रेशन एनालिसिस, कैड-कैम, डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोबोटिक्स तथा इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) आदि पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

### तकनीकी विशेषज्ञता का मिलेगा लाभ

यहां सीटीटीसी भुवनेश्वर अपनी तकनीकी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए आधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना, योग्य संकाय सदस्यों की उपलब्धता तथा उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन करेगा। वहीं भिलाई इस्पात संयंत्र आवश्यक आधारभूत संरचना एवं प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए इस केंद्र को तकनीकी अधिगम, नवाचार एवं कौशल संवर्धन के उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने में सहयोग प्रदान करेगा।

# कबीर के प्रकट दिवस पर सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति को लेकर किया जागरूक

**भिलाई।** कबीर नगर, ग्राम करहीडीह में कबीर साहब के 629 वें प्रकट दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, साइबर क्राइम, रोकथाम, हेलमेट वितरण, महिला कमांडो को किट वितरण पुलिस द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जनसमूह को ट्रैफिक नियमों के पालन, नशे के दुष्प्रभावों से बचने और साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने को लेकर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 100 से 150 महिला,पुरुष नागरिकों की सहभागिता रही। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को सुरक्षित, जिम्मेदार सामाजिक व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। ट्रैफिक डीएसपी सदानंद सिंह, साइबर प्रभारी संकल्प राय, चौकी प्रभारी जेवरा सिरसा शमित मिश्रा, ग्राम करहीडीह स्कूल के प्राचार्य, राजेश साहू, रोहित साहू, श्रजीवी पत्रकार संघ दुर्ग जिला इकाई अध्यक्ष ललित साहू समेत अन्य मौजूद थे। पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। नशे से दूर रहें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें।



तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री


हरिभूमि

इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार 15 जून 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

## इस तरह है मौसम का सिनोप्टिक सिस्टम



मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिम राजस्थान में उत्तर-पूर्व राजस्थान, उत्तर मध्य प्रदेश, दक्षिण उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से होते हुए गंगीय पश्चिम बंगाल तक समुद्र तल पर मौसमी द्रोणिका बनी हुई है। मध्य उत्तर प्रदेश से पश्चिम मध्य प्रदेश से होते हुए उत्तर मध्य महाराष्ट्र तक समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक द्रोणिका बनी हुई है।

### आज इस तरह संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग संभाग सहित प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा तेज हवा (40-50 किलोमीटर प्रति घंटे) चलने की संभावना है।अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश 40C और 28C के आसपास रहने की संभावना

# मानसून ब्रेक, बारिश नहीं होने से उमसभरी गर्मी से ट्विनसिटी बेहाल

**हर दिन बारिश का इंतजार, पारा 40 डिग्री में घूम रहा**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

प्री मानसून दगा दे रहा है। अब तक प्री मानसून की ठीक से शुरूआत नहीं हो पाई है। जिसकी वजह से ट्विनसिटी के लोग उमसभरी गर्मी से हलाकान हैं। मौसम विभाग हर दिन अंधड़ व हल्की बारिश की संभावना जता रहा है लेकिन इंतजार ही हो रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस चला गया। जो सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस अधिक था। इसी तरह न्यूनतम तापमान भी 27 डिग्री सेल्सियस रहा है। पिछले सप्ताहभर से पारा 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास घूम रहा है। बारिश नहीं होने की वजह से वातावरण में आर्द्रता बढ़ गई है।



### एसी-कूलर और पंखे नहीं कर रहे काम

उमस इतनी अधिक है कि लोगों के घरों में एसी-कूलर और पंखे तक ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। जिसकी वजह से तापमान भले ही ज्यादा नहीं है लेकिन उसका असर लोगों को ज्यादा होने लगा है। थोड़ी देर ही यदि बिजली चली जाए तो पसीने से तर-बतर हो रहे हैं। मौसम थोड़ा भी बदलता है बिजली विभाग बिजली सप्लाई बंद कर दे रहा है। रविवार की दोपहर 3 बजे ऐसा ही हुआ। बदली छाई और लगा कि अब बारिश आ सकती है, बिजली सप्लाई बंद कर दी गई।

### तापमान में 1 से 2 डिग्री गिरावट

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों में, उत्तरी छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में 1-2C की गिरावट दर्ज की तथा मध्य छत्तीसगढ़ में 1-2C की वृद्धि दर्ज की गई।दक्षिणी और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों में मेघगर्जन की गतिविधि के साथ वज्रपात, तेज हवा तथा हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। अगले 5 दिनों तक मेघगर्जन की गतिविधि के साथ वज्रपात, तेज हवा तथा मध्यम वर्षा होने की संभावना है। अगले 4-5 दिनों में दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आने के लिए परिस्थिति अनुकूल है।

## खबर संक्षेप

### फाइनेंस के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** फाइनेंस कराकर रकम नहीं पटाकर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि केलाबाड़ी दुर्ग निवासी शेखर देशमुख अंश मोबाइल आकाशगंगा सुपेला से बजाज फायनेंस से आईफोन फाइनेंस कराया था। इसके बाद अपने दोस्त अनुराग के नाम पर विभिन्न फाइनेंस कंपनियों से मोबाइल, एसी, एलईडी टीवी समेत इलेक्ट्रॉनिक सामान फाइनेंस भी कराया। शेखर ने कुछ किस्त की राशि बैंक खातों में जमा कराई जाती रही। जिससे फाइनेंस की किस्त कटती थीं। लेकिन शेखर किस्त राशि जमा करना बंद कर दिया। जिसके कारण पीड़ित के खाते से राशि कटने लगा। विभिन्न फाइनेंस कंपनियों से 1.73 लाख 513 रुपये की देय राशि शेष रह गया। जांच में आरोपी की संलिप्ता पाई गई। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने प्रकरण में वैधानिक साक्ष्य, संबंधित दस्तावेज जब्त किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## सरकारी और निजी ब्लड सेंटरों के लिए निर्धारित है अलग-अलग शुल्क

# रक्तदान जनता का, फायदा निजी ब्लड बैंकों को, इधर जिला अस्पताल में ब्लड संकट


**निजी ब्लड बैंकों के रक्तदान शिविरों से प्राप्त रक्तों को जिला अस्पताल के मदर ब्लड बैंक को नहीं कराया जाता उपलब्ध**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले में सरकारी अस्पतालों में ब्लड की कमी की एक बड़ी वजह सामने आई है। शहर और आसपास के क्षेत्रों में निजी ब्लड बैंकों द्वारा बड़ी संख्या में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं, लेकिन इन शिविरों से संग्रहित रक्त जिला अस्पताल दुर्ग के मदर ब्लड बैंक को उपलब्ध नहीं कराया जाता। इसके कारण सरकारी अस्पतालों में जरूरत के समय रक्त की कमी बनी रहती है।

आम लोगों के बीच यह धारणा है कि निजी संस्थाओं और ब्लड बैंकों द्वारा लगाए जाने वाले रक्तदान शिविरों से एकत्रित रक्त अंततः सरकारी अस्पतालों के मरीजों के काम आता है, लेकिन वास्तविकता इससे अलग है। निजी ब्लड बैंक अपने शिविरों से प्राप्त रक्त का उपयोग अपने स्तर पर करते हैं और वह रक्त जिला अस्पताल के मदर ब्लड बैंक तक नहीं पहुंचता। यदि अधिक से अधिक लोग सरकारी अस्पतालों के ब्लड बैंकों में सीधे रक्तदान करें तो सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में रक्त की उपलब्धता बेहतर हो सकती है। वर्तमान में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक को मांग के अनुरूप रक्त उपलब्ध कराने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर, रक्त उपलब्ध कराने के लिए सरकारी और निजी ब्लड सेंटरों की शुल्क व्यवस्था भी अलग है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सरकारी और निजी ब्लड सेंटरों

हरिभूमि लगातार




के लिए प्रोसेसिंग शुल्क निर्धारित किया गया है। निर्धारित दरों के अनुसार, सरकारी ब्लड सेंटर में आयुष्मान कार्डधारी मरीजों से होल ब्लड पूरा रक्त के लिए 2400 रुपए का प्रोसेसिंग शुल्क लिया जाता है, जिसका भुगतान आयुष्मान योजना के माध्यम से किया जाता है।

वहीं जिन मरीजों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उनसे 1100 रुपए लिए जाते हैं। दूसरी ओर निजी ब्लड सेंटरों के लिए होल ब्लड का प्रोसेसिंग शुल्क 1550 रुपए निर्धारित है। वहीं थैलेसीमिया, हीमोफीलिया, सिकल सेल एनीमिया, एचआईव्ही और जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत आने वाले मरीज एंटीनेटल केयर मदर को निःशुल्क ब्लड उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। इन मरीजों के लिए डोनर की भी आवश्यकता नहीं, लेकिन अगर डोनर चाहे तो रक्तदान कर सकते हैं। वहीं एक निजी ब्लड बैंक सेंटर के संचालक ने बताया कि जिला अस्पताल द्वारा इमरजेंसी के समय ही रक्त की मांग करते हैं। बाकी समय निजी ब्लक बैंक से ब्लड नहीं लेते है।

### सरकारी और निजी ब्लड सेंटरों के निर्धारित दरें

| क्र. | ब्लड/कॉम्पोनेंट्स | सरकारी सेंटर | निजी सेंटर |
|---|---|---|---|
| 1. | होल ब्लड | 1100 रु. | 1550 रु. |
| 2. | पैक्ड रेड सेल्स | 1100 रु. | 1550 रु. |
| 3. | फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा | 300 रु. | 400 रु. |
| 4. | प्लेटलेट कंसंट्रेट | 300 रु. | 400 रु. |
| 5. | क्रायोप्रेसिपिटेट | 200 रु. | 250 रु. |




### एक सरकारी और सात निजी ब्लड बैंक, फिर भी जरूरत के समय पड़ रही रक्त की कमी

जिले में एक ओर जहां दुर्ग जिला अस्पताल का मदर ब्लड बैंक सरकारी मरीजों की जरूरतों को पूरा करने का प्रयास कर रहा है, वहीं दूसरी ओर शहर में संचालित सात निजी ब्लड बैंक अपने स्तर पर रक्त संग्रह और वितरण का कार्य कर रहे हैं। दुर्ग जिला अस्पताल का मदर ब्लड बैंक जिले का एकमात्र सरकारी ब्लड बैंक है। इसके अलावा भिलाई-दुर्ग क्षेत्र में सात निजी ब्लड बैंक संचालित हैं। इनमें आशीर्वाद नर्सिंग होम नेहरू नगर, सेक्टर-9 अस्पताल, चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल नेहरू नगर, चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज कचांदुर, शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी, बालाजी ब्लड बैंक रामनगर तथा सना ब्लड बैंक कांट्रेक्टर कॉलोनी भिलाई शामिल हैं।

### रक्त की भी होती है एक्सपायरी डेट, प्लेटलेट्स केवल 5 दिन तक ही रहते हैं उपयोगी

विशेषज्ञों के अनुसार, रक्तदान के बाद प्राप्त रक्त और उसके विभिन्न घटकों की एक निर्धारित वैधता अवधि होती है। होल ब्लड को अधिकतम 35 दिनों तक सुरक्षित रखा जा सकता है। वहीं पैक्ड रेड ब्लड सेल (पीआरसी/पीआरबीसी) की वैधता 42 दिन होती है। इसे फ्रिज में 2 डिग्री सेस्लियस से 6C के तापमान पर रखना होता है। प्लेटलेट्स का उपयोग केवल 5 दिनों के भीतर करना होता है, जबकि प्लाज्मा को एक वर्ष तक सुरक्षित रखा जा सकता है। इसे फ्रीजर में 30 डिग्री से 80 डिग्री सेल्सियल पर रखा जाता है। निर्धारित अवधि के बाद रक्त या उसके घटकों का उपयोग नहीं किया जा सकता, इसलिए ब्लड बैंकों के लिए नियमित रक्तदान और मांग के अनुरूप उपलब्धता बनाए रखना आवश्यक होता है।

### सरकारी ब्लड बैंक में करें रक्तदान, मरीजों को मिलेगा सीधा लाभ

रक्तदान करने वाले लोगों को यह समझना होगा कि यदि वे सरकारी ब्लड बैंक में रक्तदान करते हैं तो उसका सीधा लाभ आर्थिक रूप से कमजोर और सरकारी अस्पतालों में इलाज करा रहे मरीजों को मिल सकता है। ऐसे में सरकारी ब्लड बैंकों में स्वैच्छिक रक्तदान बढ़ाना समय की जरूरत बन गया है। **डॉ. जेपी मेश्राम**, इंचार्ज ब्लड बैंक, जिला अस्पताल दुर्ग

## पत्नी की लाश कमरे में और पति फांसी पर लटका मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



■ वैशाली नगर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस

पत्नी की लाश घर में और पति फांसी के फंदे पर लटके मिलने का मामला सामने आया है। घटना थाना वैशाली नगर क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि वृंदानगर कैंप-1 निवासी जी वेंकटरमण मूर्ति 55 वर्ष और पत्नी जी विद्यवती 52 वर्ष के साथ रहते थे। दोनों का एक बेटा भी है जो ओडिशा में काम करता है। जी वेंकटरमण ऑटो चलाता था। रविवार की सुबह वेंकटरमण मूर्ति की मां घर पहुंचीं।

उन्होंने सामने वाले कमरे में बहू विद्यावती का शव देखा। इसके बाद भीतर के कमरे में बेटा वेंकटरमण मूर्ति का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। इसके बाद महिला ने अपने छोटे बेटे मदन राव को घटना की जानकारी दी। तुरंत पूरा परिवार मौके पर पहुंच गए। मदन राव ने पुलिस को सूचना देने के बाद पहुंची। शव मिलने के बाद फोरेंसिक की टीम भी पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान यह सामने आया कि महिला विद्यावती के गले पर फंदे का निशान पाया गया। प्रथम दृष्टया आत्महत्या लग रहा है लेकिन इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। जांच में यह भी बताया जा रहा है कि परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत नहीं थी। यह भी जानकारी मिली है कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। पुलिस स्थानीय लोगों व परिजनों से पूछताछ कर रही है। मृतकों के बेटे को भी घटना की जानकारी दी गई है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि सुसाइड नोट घटनास्थल से नहीं मिला है। मोबाइल फोन मिला है, जिसकी जांच की जाएगी, जो अभी लॉक है।

## हैदराबाद जाने निकले युवक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** घर से हैदराबाद जाने के लिए निकले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना धमधा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मिर्झापुर निवासी सुरेश साहू 23 वर्ष का शव पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला है। सुरेश का अपने घर में एक दिन पहले किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। रविवार सुबह करीब 6 बजे वह घर से बैग लेकर निकला और परिजनों से हैदराबाद जाने की बात कही थी। कुछ घंटों बाद उसका शव धमधा स्थित मरचुरी से करीब आधा किलोमीटर दूर पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। मृतक की जेब से मोबाइल फोन और 20 रुपए का एक नोट मिला है।

## होटल रियो में ऑनलाइन सट्टा लगाते दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ऑनलाइन सट्टे का खेलने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि खम्हरिया स्थित रियो होटल में दबिश दिया। जहां से पुलिस ने सेक्टर 6 निवासी शेख अकरम और सेक्टर 7 अनीष कुमार को पकड़ा है। उनके पास से मोबाइल फोन, टैब और 60 हजार रुपये नकद समेत 1.25 लाख रुपये का सामान जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रियों होटल में दबिश दिया था। शेख अकरम और अनीष



■ स्मृति नगर पुलिस की कार्रवाई, सूचना पर पहुंची थी पुलिस

मिलकर मोबाइल, टैब के जरिए ऑनलाइन सट्टा का कारोबार संचालित करते थे। पुलिस ने दोनों के मोबाइल और टैब की जांच कर रही है। ऑनलाइन बेटिंग से जुड़े कई प्रमाण पुलिस को मिले। पूछताछ में आरोपियों ने 'सिक्किम' नामक ऑनलाइन बेटिंग प्लेटफॉर्म के जरिए सट्टा खेलने की बात स्वीकार किया। जांच में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से इस नेटवर्क से जुड़े हुए थे और ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में बड़ी रकम का लेन-देन भी करते थे। मामले में पुलिस ने छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 07 के तहत कार्रवाई की है। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## ट्रेलर और बाइक में भिड़ंत में युवक की मौत, बाइक जलकर खाक

**घटना अंजोरा बाइपास की, पुलिस सीसी कैमरों कर रही चेक**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ट्रेलर और बाइक में भिड़ंत होने से युवक की मौत हो गई है। घटना अंजोरा बाइपास आरोग्यम अस्पताल के पास का है।

मोहन नगर पुलिस ने बताया कि पाटन ब्लॉक के किकिरमेटा निवासी राहुल चक्रधारी 21 वर्ष अपनी बाइक सीजी 07 सीवी 3947 में सवार होकर निकला था। तेज रफ्तार से आ रही ट्रेलर जेएच 05 डीएस 0514 से बाइक की भिडंत हो गई। हादसे में राहुल की मौके पर मौत हो गई। उसके बाद बाइक की



पेट्रोल टंकी फटने से वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। मृतक राहुल उतई के पास ग्राम खोपली में अपने मौसी के घर रहकर फार्मेसी का काम करता था। परिजनों के मुताबिक राहुल अपनी मां को भिलाई के कला और संस्कृति संस्थान में छोड़ने निकला था। जहां अपनी मां को कोर्स का सर्टिफिकेट लेना था। मां को छोड़ने के बाद वह 5 मिनट में लौटने की बात कहकर निकला था। लेकिन राहुल सड़क हादसे का शिकार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और नेशनल हाइवे की टीम मौके पर पहुंची आग को बुझाकर घटना के बारे में परिजनों को सूचना दी। घटना में सड़क पर फैले मलबे को हटाकर ट्रैफिक को व्यवस्थित किया।

हादसे के बाद कुछ देर तक हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लगी थी। मामले में पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है। पुलिस वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

### टक्कर के बाद बाइक दूर तक घिसटती रही

स्थानीय लोगों के मुताबिक ट्रेलर की टक्कर के बाद बाइक सड़क पर काफी दूर तक घिसटती चली गई। तभी बाइक की पेट्रोल टंकी फट गई, जिससे आग तेजी से फैल गया। हादसे में आग पूरी बाइक को चपेट में ले लिया। बाइक पर युवक अकेला ही सवार था। हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। हादसा किस परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच में पुलिस जुटी हुई है। आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हादसे के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## सबसे अधिक समय तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड नरेंद्र मोदी के नाम

# भारतीय मुद्रा से लेकर विकास तक हर भारत हो रहा सुदृढ़ : विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

देश में मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दुर्ग पहुंचकर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार 12 साल से प्रधानमंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पं. जवाहर लाल नेहरू का रिकार्ड तोड़ा है। उन्होंने इसके लिए भारत की जनता को साधुवाद दिया और कहा कि बिना जनता के आशीर्वाद के यह सपना पूरा नहीं हो सकता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार देश के हित और उसे आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। यही कारण है कि आज भारत भारतीय मुद्रा से लेकर विकास सहित हर क्षेत्र में सुदृढ़ हुआ है। उन्होंने इसके लिए छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता को भी बधाई दी। शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री मोदी 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' को मूलमंत्र मानते हुए दिन और रात 140 करोड़ भारतवासियों की सेवा करते हैं। उनके नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। आज का भारत ईंट का जवाब पत्थर से दे रहा है, फिर चाहे वो काश्मीर का मुद्दा हो या अन्य आतंकवादी गतिविधियों का। आज का भारत किसी को छेड़ता नहीं है और जो छेड़ना है उसे छोड़ता नहीं है। दुश्मनों को घर में घुसकर मारता है। 12 वर्षों में प्रधानमंत्री ने जन-धन योजना के तहत 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले, कोरोना जैसी महामारी के मुश्किल वक्त से लेकर अब तक 81 करोड़ से ज्यादा देशवासियों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। मुफ्त में इलाज देने के लिए आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ से ज्यादा हेल्थ कार्ड बने हैं। गरीबों के जीवन को आसान बनाने के लिए पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों को पक्के मकान दिए गए हैं। उज्ज्वला योजना के जरिए 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए। इस तरह उन्होंने मोदी सरकार की योजना और उसका जनता को मिल रहा लाभ के बारे में बताया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर,भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, महापौर अलका बाघमार, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### बस्तर का विकास बस्तर की तर्ज

नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ और बस्तर के विकास को लेकर पूछे गए सवाल को लेकर उन्होंने कहा कि बस्तर का विकास बस्तर की तर्ज पर होगा। इसके लिए उन्होंने काफी अच्छा मॉडल तैयार किया है। जो वहां सैन्य छावनी है उनकी निगरानी में उस क्षेत्र का विकास होगा। स्कूल अस्पताल और पंचायत भवन बनाए जाएंगे। वहां के लोगों से पूछा जा रहा है कि वो नक्सलियों की बिछाई आईडी और छिपाए हथियारों की जानकारी दें, जिससे उसे हटाकर लोगों को भयमुक्त वातावरण दिया जाए।

### दुर्ग में पेड़ कटे हैं तो पौधे लगाने व देखरेख की जिम्मेदारी मेयर की

दुर्ग जिले में विकास के नाम पर जो सैकड़ों पेड़ काटे गए हैं उसको लेकर मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जो पेड़ कटे हैं वो दुर्ग निगम क्षेत्र हैं और उनकी जगह पौधे लगाकर उनकी देखरेख करने की जिम्मेदारी महापौर की है। उन्होंने दुर्ग महापौर अल्का बाघमार को कहा कि वो पौध रोपण और उनकी देखरेख की जिम्मेदारी तय करें।

## म्यूल अकाउंट मामले में तीन युवक पुलिस की पकड़ में

**भिलाई।** म्यूल अकाउंट मामले में पुलिस ने तीन युवकों को फिर गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि पवन दास मानिकपुरी, करण रंगारी, नरेन्द्र कुमार साहू को गिरफ्तार किया गया है। इनके खिलाफ भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल एवं पुलिस मुख्यालय से सूचना के आधार पर केनरा बैंक के खातों का परीक्षण किया गया। इस दौरान साइबर ठगी प्रकरणों के रकम म्यूल खातों में ट्रांसफर किया जाना पता चला। जांच में वर्ष 2024 से वर्ष 2026 के मध्य इन खातों के माध्यम से साइबर ठगी के रकम अन्य खातों में ट्रांसफर एवं आहरित किया गया था। 99 संदिग्ध खाताधारकों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है। जांच के दौरान बैंक से केवाईसी,



खाता विवरण,ट्रांजेक्शन स्टेटमेंट का परीक्षण भी किया गया। जिसमें आरोपियों के खातों में लाखों रुपये के अनाधिकृत लेन-देन पाए गए। आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में बैंक खाते, पासबुक, एटीएम कार्ड,मोबाइल सिम अन्य व्यक्तियों को साइबर ठगी से मिले अवैध आर्थिक लेन-देन के लिए उपलब्ध कराना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से केनरा बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, मोबाइल सिम कार्ड,बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज जब्त किया गया है।

15



अधिकमास पर माहेश्वरी महिला....


लाइव इवेंट

## मानसून से पहले बुजुर्गों और जरूरतमंदों को स्वच्छता सामग्री का वितरण



**भिलाई।** बारिश के मौसम में संक्रमण और बीमारियों की आशंकाएं भी बढ़ जाती हैं। ऐसे समय में सामाजिक संस्था दिशा ने पुलगांव दुर्ग तथा भिलाई क्षेत्र के सेक्टर-8, सेक्टर-2 के वृद्धाश्रमों, सेक्टर-3 भिलाई स्थित मानसिक रूप से विशेष जरूरत वाले लोगों के आश्रय स्थल फील परमार्थम फाउंडेशन में स्वच्छता सामग्री और फलों का वितरण किया। संस्था द्वारा फिनायल, डिटर्जेंट, लिक्विड सोप, फल और अन्य आवश्यक सामग्री की किट उपलब्ध कराई गई, जिससे मानसून के दौरान वहां रहने वाले बुजुर्गों व आश्रितों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके। संस्था के सदस्यों ने सामग्री वितरण के साथ-साथ आश्रमवासियों से आत्मीय मुलाकात कर उनका हालचाल भी जाना। सेवा कार्य के दौरान बुजुर्गों के चेहरों पर झलकती मुस्कान और आत्मीयता ने माहौल को भावुक बना दिया। संस्था दिशा लंबे समय से विभिन्न सामाजिक, पर्यावरणीय एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक योगदान दे रही है। संस्था का मानना है कि जरूरतमंदों के जीवन में छोटी-सी सहायता भी बड़ा परिवर्तन ला सकती है। इस अवसर पर संस्था दिशा के राजेश धारकर, प्रदीप दास, मोहन गिरी, शांतनु दासगुप्ता, दुष्यंत तिवारी, कल्याण राय, बापी दास, सुजीत चक्रवर्ती, भास्कर देवनाथ सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।




आर्थिक स्वावलंबन की ओर बढ़ते कदम, जिले के 300 पंचायतों के 381 गांवों के लोगों को जोड़ा गया

# वेस्ट टू वेल्थ का मॉडल बना जिला दुर्ग , प्लास्टिक को रिसाइकिल कर बना रहे लम्स, जिसे बड़ी कंपनियों को बेचकर ग्रामीण कमा रहे 15 हजार महीने

**दुर्ग जिला का वेस्ट टू वेल्थ कॉन्सेप्ट छत्तीसगढ़ में स्वावलंबन की ओर एक रोल मॉडल के रूप में आगे बढ़ रहा है। इसे लेकर दुर्ग शहर से लगे ग्राम कोलिहापुरी में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई को मटेरियल रिकवरी सेंटर के रूप में विकसित किया गया है। यह केंद्र न केवल कचरा निपटान का एक केंद्र है, बल्कि यह आत्मनिर्भर ग्राम स्वराज की दिशा में एक सशक्त कदम है। जहां जिले के 300 पंचायतों के करीब 381 गांव से निकलने वाले प्लास्टिक वेस्ट को मशीनों के लिए रिसाइकिल कर लम्स तैयार किया जा रहा है।**



**दुर्ग।** इस लम्म की बड़ी कंपनियों में खासी डिमांड है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से सीमेंट फैक्ट्रियां कर रही हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के बेहतर अवसर तैयार हुए हैं। इस सेंटर से जुड़कर ग्रामीण महीने की 15 हजार रुपए तक की कमाई कर रहे हैं।

इस कॉन्सेप्ट को लेकर जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे बताते हैं कि कोलिहापुरी सेंटर को जिले के स्वच्छता अभियान का नोडल सेंटर बनाया गया है। दुर्ग के सभी 81 ग्रामों, धमधा के ग्राम लिटिया और पाटन के ग्राम पतोरा की इकाइयों को इस केंद्र से लिंकेज प्रदान की गई है। इस एकीकृत तंत्र के माध्यम से जिले के कुल 381 गांवों में उत्पन्न होने वाले प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर उसे वैज्ञानिक पद्धति से रिसाइकिल किया जा रहा है। यानी घर-घर से कचरा संग्रहण को हल करने के लिए जिला प्रशासन ने स्मार्ट तकनीक का उपयोग किया है। कचरा प्रबंधन में तकनीक का समावेश करते हुए डीएमएफ के माध्यम से 4 अत्याधुनिक ई-रिक्शा उपलब्ध कराए गए हैं।

इन रिक्शाओं की विशेषता यह है कि इनमें जीपीएस ट्रैकिंग प्रणाली स्थापित की गई है, जो सीधे कंट्रोल रूम से जुड़ी है। इसके माध्यम से गांवों के सेग्रीगेशन शेड से प्लास्टिक वेस्ट के संग्रहण की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। यह संपूर्ण प्रक्रिया केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पोर्टल पर पंजीकृत है। प्रतिदिन 150 किलोग्राम प्लास्टिक कचरे को आधुनिक मशीनों के जरिए प्रोसेस किया जा रहा है। मूल्यवर्धन प्लास्टिक को पिघलाकर उससे लम्स तैयार किए जा रहे हैं, जिनकी बाजार में भारी मांग है। इन लम्स को 20 से 25 रुपये प्रति किलो की दर से बड़ी निर्माण कंपनियों को बेचा जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के जरिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए द्वार खुले हैं। एएस पॉलिमर के साथ हुए एमओयू के तहत स्थानीय निवासियों को प्रत्यक्ष रोजगार दिया गया है। श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्हें मनरेगा दरों के समान साप्ताहिक मजदूरी और बीमा कवरेज प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त 5% लाभ ग्राम पंचायत को सामाजिक कल्याण गतिविधियों के लिए, 5% लाभ स्थानीय शिव शक्ति स्व-सहायता समूह को सशक्तिकरण हेतु दिया गया है।

### कचरे का वैज्ञानिक निष्पादन होगा, इससे रोजगार भी मिलेगा

कोलिहापुरी एमआरसी की स्थापना का मुख्य उद्देश्य कचरे के वैज्ञानिक निष्पादन के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में वेस्ट टू वेल्थ के मॉडल को मूर्त रूप देना है। यह केंद्र इस बात का प्रमाण है कि यदि सही तकनीकी मार्गदर्शन और सामुदायिक भागीदारी हो, तो ग्रामीण कचरा प्रबंधन को एक लाभदायक उद्यम में बदला जा सकता है।

- **अभिजीत सिंह,** कलेक्टर दुर्ग



### ग्रामीण क्षेत्रों को कचरा मुक्त बनाने की बड़ी पहल

अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2024 में स्वच्छ भारत मिशन से 6 लाख और मनरेगा से 12 लाख, कुल 18 लाख की लागत से भवन तैयार किया गया। मशीनरी बेलिंग, फटका और श्रेडर मशीनें स्थापित करने हेतु लगभग 8 लाख स्वच्छ भारत मिशन से उपलब्ध कराई गई है। निजी भागीदारी ए.एस. पॉलिमर द्वारा परियोजना में 9 लाख का निवेश किया गया है और बिजली कनेक्शन हेतु 1 लाख रुपये का योगदान दिया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा इकाई के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराई गई है। इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि यह मॉडल न केवल गांवों को कचरा मुक्त रखेगा। 11 महीने की अवधि वाला यह समझौता ज्ञापन दुर्ग जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने में सक्षम है।



लाइव इवेंट

## एलुमिनी मीट में ताज़ा हुई पुरानी यादें, पत्रिका का हुआ विमोचन




**भिलाई।** शिक्षाधानी भिलाई के सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इसमें पुरानी यादों का स्मरण किया गया। इस दौरान अतिथियों के हाथों पत्रिका का विमोचन किया गया। साथ ही टीचर्स के लिए बहुपयोगी पांडुलिपि का भी पदार्पण भी किया गया। महाविद्यालय प्रथम तल स्थित हिंदी डिजिटल कक्ष में वनस्पति शास्त्र विभाग के द्वारा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह हुआ। आयोजन में अलग-अलग बैच के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा वार्षिक समाचार पत्रिका का विमोचन भी किया गया। साथ ही साथ टीचिंग लर्निंग संसाधन का भी विमोचन अतिथियों के हाथों किया गया।

इस दौरान मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय शर्मा, महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जे.के.तिवारी, डॉ.संगीता शर्मा व अन्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के मुखिया और वनस्पति शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ.गुणवंत चंद्रौल, सहायक प्राध्यापक प्रियंका साहू, मनमीता सिंह राजपूत, गुलेश्वरी साहू, अनिल कुमार खरे, कर्मचारी व अन्य की विशेष भूमिका रही।

## पीएमश्री प्राथमिक शाला बानबरद में समर कैंप से निखर रही बच्चों की प्रतिभा

**भिलाई- नंदिनी अहिवारा ।** बानबरद पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला बानबरद में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन किया जा रहा। कैंप का समापन 15 जून को होगा। इस दौरान बच्चों को नृत्य, गायन, संगीत, योग, खेलकूद, पेंटिंग, ड्राइंग, जुम्बा, क्ले आर्ट, क्राफ्टिंग, मिट्टी कला, मुखौटा निर्माण सहित विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता, आत्मविश्वास तथा शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक एवं आयोजन प्रभारी श्रीमती चमेली मरकाम के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कैंप में योगा शिक्षक राजेश्वरी सिन्हा, याचना गावड़े, किरण चौधरी, भुनेश्वरी ध्रुव, डिशन लाल देवांगन, कीर्तन कुर्रे, स्वाति बेलचंदन, राजेश मोहबेकर तथा संगीत शिक्षक राणा कश्यप का विशेष सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परदेशी राम यादव सहित पालकगण हरेंद्र कोसरे, सुमन पाटिल, आशा कश्यप एवं उमा साहू उपस्थित रहे। अतिथियों और अभिभावकों ने बच्चों के उत्साह, प्रतिभा एवं सृजनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए समर कैंप को उपयोगी पहल बताया। विद्यालय परिवार द्वारा आयोजन को सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## अखिल भारतीय नाट्य स्पर्धा में सत्य ग्रुप को मिले 5 पुरस्कार




**भिलाई।** नृत्य संस्था ने आल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन शिमला द्वारा आयोजित अखिल भारतीय नृत्य और नाट्य प्रतियोगिता में अनेक पुरस्कार जीते हैं। नृत्य प्रतियोगिता की एकल व युगल प्रस्तुति में कविता तिवारी और अद्विका तिवारी को पांच पुरस्कार मिले। वहीं सत्य नाट्य ग्रुप के नाटक माय डांटर बर्थडे को द्वितीय पुरस्कार हासिल हुआ। बाल कलाकार अद्विका को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार और श्रीकांत तिवारी को द्वितीय और कविता तिवारी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का तृतीय पुरस्कार मिला। इस अवसर पर टीवी कलाकार व आल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन के रोहिताश गौड़ और महासचिव रेखा गौड़ भी उपस्थित थे।

लाइव इवेंट

## छत्तीसगढ़ निषाद समाज प्रदेश संगठन में दुर्ग के युवाओं को भी

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ निषाद (केंवट) समाज प्रदेश संगठन के अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से प्रदेश युवा प्रकोष्ठ में कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की घोषणा की है। नई नियुक्तियों के अनुसार, बिलासपुर जिले के दीप कैवर्त को प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, दुर्ग जिले के कोड़िया निवासी लखन निषाद को प्रदेश युवा प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष तथा ग्राम कोटनी निवासी बिरेंद्र कुमार निषाद को प्रदेश युवा प्रकोष्ठ मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन नियुक्तियों पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। शुभकामनाएं देने वालों में महासचिव मनोहर निषाद, उपाध्यक्ष बोधीराम निषाद, मल्लेश निषाद, ईश्वर निषाद, दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ. घनश्याम निषाद, बुधारू राम निषाद, खिलावन निषाद, ओमप्रकाश निषाद, संतोष जलतारे, भीम सिंह निषाद, वरुण निषाद, विनोद निषाद, जोगेंद्र निषाद, सियाराम निषाद, संतोषी निषाद, डिकेश्वरी निषाद, सुमन निषाद, धनवंतरी निषाद, हेमलता निषाद, ललिता निषाद, हेमबंती निषाद, जमुना निषाद, केसर निषाद सहित अन्य शामिल हैं।



अनुभवी योग गुरुओं का मिलेगामार्गदर्शन,विशेष परामर्श के साथ सिखाई जाएंगी यौगिक क्रियाएं

# वैशाली नगर में गूंजेगा योग का मंत्र, 5 दिवसीय भव्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शिविर 17 जून से

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर वैशाली नगर के लोकांगन मैदान में पांच दिवसीय भव्य योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष शिविर आगामी 17 जून से 21 जून तक प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक संचालित किया जाएगा। मुख्य आयोजक वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन और वार्ड-20 की पार्षद स्मिता दोड़के हैं। प्रमुख संयोजक अनूप बंसल, नरेंद्र पटेल, शंभू कुशवाहा, राजेंद्र पाटिल और तीज राम साहू ने बताया कि यह गरिमामयी आयोजन योग समिति एवं भारत स्वाभिमान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में समाज को स्वास्थ्य और सजगता का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। प्रमुख संयोजक अनूप बंसल ने बताया कि शिविर में अनुभवी योग गुरुओं का मार्गदर्शन मिलेगा। जिसमें भारत स्वाभिमान न्यास और योग समिति के वरिष्ठ व राष्ट्रीय स्तर के प्रमाणित योग गुरु उपस्थित रहेंगे।



### आयोजन स्थल पर की जा रही विशेष तैयारी, आयोजन पांच दिनों का

आयोजन स्थल पर विशेष तैयारी की जा रही है। विशेष रूप से बुजुर्गों को जगह उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए पंजीयन किया जा रहा है। आयोजन पांच दिनों तक चलेगा। शिविर को सफल बनाने में तैयारियों में शत्रुघ्न साहू, सुधा सोनी, श्रीनिवास, अनामिका पुरी, राजेश तिवारी, उद्धव राम साहू, बसंत वर्मा, जुग रम बिसेन, बलवन्त सिंह, विमला राय, सुमन भारती, मोहिनी साहू, मनोरमा पांडे, संतोष चौरसिया, मनदीप कौर, एस. के. रंधावा, प्रीति, परमजीत कौर, ज्योति पाटील, अनिता वर्मा, उमेश साहू, थानेंन्द्र साहू एवं अन्य सभी कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

### प्राणायाम, यौगिक जॉगिंग, आसन और ध्यान का कराया जाएगा अभ्यास

शिविर स्थल में शिक्षकों द्वारा प्राणायाम, यौगिक जॉगिंग, आसन और ध्यान का क्रमबद्ध वैज्ञानिक अभ्यास कराया जाएगा। आज की व्यस्त जीवनशैली से उत्पन्न होने वाली व्याधियों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मानसिक तनाव और मोटापे से मुक्ति व प्रबंधन के लिए विशेष परामर्श और यौगिक क्रियाएं सिखाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य जागरूकता के इस महाभियान में समाज के सभी वर्गों (महिला, पुरुष, वृद्ध एवं युवा) के लिए प्रवेश पूरी तरह से निःशुल्क रखा गया है। आयोजकों ने शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों से अनुरोध किया है कि वे अपने साथ योग मैट, दरी या आसन अवश्य लाएं तथा अभ्यास हेतु आरामदायक, सूती वस्त्र पहनकर पहुंचे।



## सिटी इवेंट

# वृद्धजनों से लेकर ट्रैफिक जवानों तक पहुंची सेवा की शीतल छांव



**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर-6 के तत्वावधान में निरंतर संचालित जलदान महादान सेवा अभियान के अंतर्गत रविवार को सेवा का एक और प्रेरणादायी अध्याय जुड़ा। आचार्य डॉ. अजय आर्य एवं आचार्य अंकित शर्मा शास्त्री के नेतृत्व में आर्य समाज की टीम ने भीषण गर्मी में जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर छाछ एवं लस्सी का वितरण किया। सेवा कार्य का प्रथम चरण आस्था वृद्ध आश्रम, सेक्टर-8 से प्रारंभ हुआ, जहां वृद्धजनों को प्रेमपूर्वक छाछ एवं लस्सी वितरित की गई। आश्रम के वरिष्ठ नागरिकों ने इस आत्मीय पहल के लिए आर्य समाज के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए इसे केवल सेवा नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का सजीव उदाहरण बताया।

- आर्य समाज ने छाछ-लस्सी वितरण कर निभाया जलदान महादान का संकल्प

इसके बाद आर्य समाज की टीम सिविक सेंटर क्षेत्र के चौक-चौराहों में पहुंची, जहां मस्जिदों के बाहर जरूरतमंद लोगों, गरीबों तथा भिक्षावृत्ति से जीवनयापन करने वाले व्यक्तियों को शीतल पेय के रूप में छाछ पिलाई गई। अभियान का अगला पड़ाव सेक्टर-9 एवं नेहरू नगर क्षेत्र रहा, जहां विद्यार्थियों, राहगीरों तथा आम नागरिकों को भी छाछ का वितरण किया गया। सेवा अभियान के दौरान उन लोगों को विशेष प्राथमिकता दी गई, जो प्रतिदिन तपती धूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। ट्रैफिक पुलिस कर्मियों, डिलीवरी सेवाओं से जुड़े जोमैटो एवं अन्य कर्मचारियों को छाछ एवं लस्सी उपलब्ध कराई गई। उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में संवेदनशीलता और परस्पर सहयोग की भावना को सशक्त करते हैं। इस सेवा अभियान में पतिराम साहू, सुधीर भारद्वाज, अनीता भारद्वाज, नंदलाल ब्रह्मचारी, आचार्य अंकित शर्मा शास्त्री, आचार्य डॉ. अजय आर्य, राजकुमार भल्ला एवं नमित क्षत्रिय ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## सिटी लाइव

# बढ़ती उम्र में निरोगी रहने के लिए योग बड़ा माध्यम, करें योग रहें निरोग




**भिलाई।** 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शहर के बुजुर्गों के लिए सेवा करने वाली संस्था आस्था के सेक्टर 8 स्थिथ संस्थान में तीन दिवसीय योग दिवस के पूर्व योग प्रोटोकॉल के अनुसार पूर्व अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ योग गुरु आरपी शर्मा की उपस्थिति में योग शिक्षिका मधु पांडेय ने योग के अनेक कलाओं और आसनों को भौतिक रूप से करके दिखाया। प्रशिक्षण भी दिया। इस अवसर पर उपस्थिति लगभग 42 वृद्धजनों ने योग के अनेक क्रियाओं को समझा और आस्था के सचिव राजेंद्र सुनगरियाने ने आयोजन की सराहना की। मनोज ठाकरे ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुजुर्गों के लिए उनके स्वास्थ्य की देखने के लिए इस वर्ष की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग करें तय की हैं। इस अवसर पर अरुण शर्मा, मनोज ठाकरे, सरिता शर्मा, राजेंद्र सुनगरिया, मधु पांड्या, किशोर कन्नौज, आरती शर्मा, बालूराम वर्मा, ओपी चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

- इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन का तीन दिवसीय विशेष आयोजन

## सिटी इवेंट

# नेटवर्किंग एवं व्यापार विस्तार के विभिन्न पहलुओं को लेकर मंथन

**दुर्ग।** जेसीआई दुर्ग-भिलाई द्वारा आयोजित ट्रेड टाल्क 3.0 का सफल आयोजन शंखला बिल्डमार्ट में किया गया। यह कार्यक्रम सदस्यों के बीच व्यवसायिक नेटवर्किंग, बिजनेस एक्सचेंज एवं नए अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें 38 जेसी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। संगठन के अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि इस प्रकार के बिजनेस नेटवर्किंग कार्यक्रम सदस्यों को एक-दूसरे के व्यवसाय को समझने, आपसी सहयोग बढ़ाने एवं व्यापारिक अवसरों के विस्तार का प्रभावी मंच प्रदान करते हैं। वहीं सचिव तोरण अटल ने सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पास्ट प्रेसिडेंट रजनीश जायसवाल, नेशनल ट्रेनर एवं पास्ट प्रेसिडेंट प्रणय महेश्वरी, प्रोग्राम डायरेक्टर सागर गुप्ता, डायरेक्टर कैलाश साहू एवं निखिल तोंक की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मार्गदर्शन वीपी हिमांशु देवांगन एवं वीपी सीए विवेक संघवी द्वारा किया गया। इस अवसर पर नेशनल ट्रेनर एवं पास्ट प्रेसिडेंट जेसी प्रणय महेश्वरी द्वारा जेसीआई प्रोटोकॉल विषय पर 15 मिनट का विशेष सत्र भी लिया गया, जिसमें सदस्यों को संगठन की कार्यप्रणाली एवं प्रोटोकॉल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। आयोजन स्थल के लिए जेसी पंकज जैन एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग एवं आतिथ्य प्राप्त हुआ। आपसी बिजनेस रेफरल, नेटवर्किंग एवं व्यापार विस्तार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इस पहल ने सदस्यों के बीच मजबूत व्यावसायिक संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में शामिल सभी 38 जेसी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी को आयोजन की सफलता का मुख्य आधार बताया गया। जनसंपर्क अधिकारी ट्विंकल खेमुका पारख ने सूचित किया कि जेसीआई दुर्ग-भिलाई द्वारा इस प्रकार के बिजनेस ओरिएंटेड कार्यक्रम सदस्यों के व्यवसायिक विकास, नेटवर्किंग एवं आपसी सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से निरंतर आयोजित किए जाते हैं।



---

**शहर के अलग-अलग जगहों पर चल रही तैयारी, ताजिया की सजावट अंतिम दौर में**

# कर्बला के शहीदों की याद में बन रहा ताजिया, 16 की शाम से तकरीर, लंगर और पौधरोपण सहित होंगे कई आयोजन

**भिलाई।** कर्बला के शहीदों की याद में मोहर्रम के 10 दिन के आयोजन 16 जून की शाम से शुरू हो रहे हैं। शहर में अलग-अलग जगहों पर ताजिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं मस्जिदों और अन्य जगहों पर तकरीर की तैयारी है। अखाड़ा कमेटियों के बैनर तले नौजवान करतब के गुर सीखने तैयार हैं। शहर में 30 से अधिक जगह पर कारीगर ताजिया बनाने में जुटे हैं। अंजुमन हुसैनिया कमेटी, सड़क- 20 जोन-1, खुर्सीपार, भिलाई में मुहर्रम की तैयारियां जोरों पर है। यहां चांद की तारीख के मुताबिक 1 से 9 मुहर्रम (17 जून से 26 जून) तक अलग-अलग आयोजन होंगे। कमेटी की ओर से हुसैन अली अशरफी ने बताया कि सारे आयोजन मौलाना सैयद आलमगीर अशरफ अशरफी उल जिलानी (किछौछा शरीफ, उत्तर प्रदेश) की सरपरस्ती में होंगे। यहां इलाहाबादी पंचायती ताजिया के बैनर तले इमामबाड़ा में ताजिया बनाने का काम जोरों पर चल रहा है और 10 रोज तक होने वाले तमाम आयोजन की तैयारी में कमेटी के लोग जुटे हैं। मुहर्रम के आयोजन में रविवार 21 जून (5 मोहर्रम) को 8वी, 10 वी, 12वी में 60 प्रतिशत और उससे उपर अंक से पास हुई बेटियों का इस्तकबाल और भिलाई की मुस्लिम महिला कमेटियों का इस्तकबाल किया जाएगा। 21 जून को ही मेडिकल एवं ब्लड डोनेशन दोपहर एक बजे से आयोजित किया गया है। वहीं मंगलवार 23 जून (7 मोहर्रम) को कमेटी की ओर से शासकीय अस्पतालों में फल वितरण किया जाएगा।







### रोजाना होगी कुरआन ख्वानी, रात में तकरीर

बुधवार 24 जून (8 मोहर्रम) की रात बाद नमाज ईशा हजरत अल्लामा मौलाना सैयद आलमगीर अशरफ अशरफी उल जिलानी की तकरीर होगी। हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती साजिद सकाफी अशरफी (सिवनी, मध्य प्रदेश) भी यहां मौजूद रहेंगे। आयोजनों में रोजाना एक मुहर्रम से 10 मुहर्रम (26 जून) तक सुबह 8:00 बजे से 10:00 बजे तक कुरआन ख्वानी होगी। वहीं रात में 1 मुहर्रम से 9 मुहर्रम (25 जून) तक बाद नमाज़ ईशा ठीक 9 बजे तकरीर शुरू होगी और तकरीर के बाद लंगर तकसीम किया जायेगा। रविवार 21 जून (5 मोहर्रम) को बाद नमाज ज़ोहर दोपहर में आलिमा शाहाना नूरी सिमगा (रायपुर) की तकरीर होगी।

### वाटर प्रूफ पंडाल के साथ महिलाओं के बैठने के लिए अलग इंतजाम

रोजाना होने वाली तकरीर में खास तौर पर मुफ़्ती जामी कमर अजहरी इमामो खतीब अशरफी मस्जिद जोन-3, हाफिज व कारी मोहम्मद आरिफ इमामो खतीब कोहका मस्जिद, हाफिज अब्दुल कुद्दूस जोन-3 खुर्सीपार, मुफ्ती सैफी अलीमी मदनी मस्जिद जोन 1/2, खुर्सीपार, हाफिज मोहम्मद इमरान मदरसा ताजदारे अहले सुन्नत, खुर्सीपार,हाफिज मोहम्मद शफीक अशरफी मस्जिद जोन-3, हाफिज महबूब गौहर फरीद नगर, मौलाना जाकिर रजा मदरसा ताजदारे अहले सुन्नत खुर्सीपार, हाफिज मोहम्मद शहादत अली मदरसा मरोदा,अब्दुल मजीद रजवी अशरफी मस्जिद जोन-3,मौलाना मोहम्मद इसरार जोन 1, खुर्सीपार,हाफिज गुलाम रजा फरीद नगर,हाफिज शमशेर अली मरौदा, कमालुद्दीन अशरफी जोन-1, खुर्सीपार मौजूद रहेंगे। आयोजक हुसैन अली अशरफी ने बताया कि मौसम को देखते हुए वाटरप्रूफ पंडाल और औरतों के लिए अलग से बैठने का इंतजाम किया गया है।

---

**श्री कृष्ण एवं रामदेव बाबा का अभिषेक**

# अधिकमास पर माहेश्वरी महिला मंडल का धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन



**दुर्ग।** अधिक मास के पावन अवसर पर माहेश्वरी महिला मंडल, दुर्ग द्वारा भगवान श्री कृष्ण एवं श्री रामदेव बाबा का विधि-विधान से अभिषेक, श्रृंगार, भोग, तुलादान एवं दीपदान किया गया। पश्चात भगवान श्री कृष्ण की आरती हुई। आयोजन में महिला मंडल की पूर्व पदाधिकारी एवं सदस्यगण, साथ ही महेश्वरी पंचायत एवं युवा संगठन के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संचालन में कार्यक्रम प्रभारी माया राठी, ऊषा भूतड़ा एवं भाग्यश्री साबू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत एक सुंदर नृत्य-नाटिका का भी मंचन किया गया। जिसमें शशि राठी, भाग्यश्री साबू, नम्रता बजाज एवं रुतुजा सोमानी ने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से तुलादान एवं भगवान की भक्ति के महत्व को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। यह आयोजन महिला मंडल की अध्यक्ष प्रीति साबू, सचिव श्वेता झंवर तथा समस्त महिला मंडल टीम के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभी श्रद्धालुओं ने इस पुनित एवं धार्मिक आयोजन में सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

**भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में आयोजन**

# गाइड का 4 माह से चल रहा जल सेवा कार्य का हुआ समापन



**भिलाई।** जिला संघ भिलाई स्काउट गाइड की ओर से प्रतिदिन एक अच्छा काम करो के नेक विचार के साथ शुरू किये गये प्याऊ घर का समापन भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा विगत चार माह से राहगीरों को शीतल जल पिलाने सेवा का कार्य किया गया। ज्ञातव्य है कि जिला संघ भिलाई स्काउट गाइड की ओर वर्ष भर तरह-तरह की गतिविधियां संचालित की जाती है। जिसमें पर्यावरण सुरक्षा, प्रदूषण की रोकथाम, महापुरुषों की जयंती इत्यादि शामिल है। इसी तारतम्य में विगत कई वर्षो से शुरू किए गये सेवा कार्य के तहत भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए शीतल जल की व्यवस्था भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के मुख्य द्वार में की गई। यह प्याउ नियमित रूप से चलता रहा। जलसेवा के पुनीत कार्य का समापन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिक्षा विभाग से शिक्षा एवं जिला मुख्य आयुक्त शिखा दुबे, विभारानी कटिहार उप प्रबंधक, जिला आयुक्त स्काउट एवं प्राचार्य भिलाई विद्यालय विजय सिंह पवार, जिला आयुक्त गाइड एवं प्राचार्य सुमिता सरकार, रुबी बर्मन राय प्राचार्य सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर-7, ओसी कीर्तिलता देशमुख, सत्यनारायण साहू, डॉ. शीतल चंद्र शर्मा वरिष्ठ व्याख्याता, डीके साहू, पवन अग्रवाल, भिलाई विद्यालय से सजीता राजेश, सविता धपवाल, वंदना सोनवाने, रजनी रजक सहित अन्य मौजूद थे।

---

**अंबेडकर भवन बैकुंठधाम केम्प 2 में सांसद विजय बघेल के आतिथ्य में आयोजन**

# पंडवानी के पितामह झाड़ूराम देवांगन की पुण्य तिथि पर 600 से अधिक प्रतिभावान छात्रों का सम्मान



**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पण्डवानी के पितामह झाड़ू राम देवांगन की पुण्य स्मृति में रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन बैकुंठधाम केम्प 2 भिलाई में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भिलाई की वैश्विक पहचान है, दुर्ग जिले की प्रतिभाएं ज्ञान, विज्ञान, खेल, कला, संगीत, साहित्य चिकित्सा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रहे हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष की आसंदी से जिला संयोजक विधि प्रवक्ता भाजपा प्रेमचंद देवांगन ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में यह अहम उपलब्धि राष्ट्र के भविष्य की आधारशिला है। अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि देवांगन समाज का यह आयोजन सामाजिक समरसता एवं समन्वय का प्रतिरूप है। विधायक ललित चंद्राकर ने आयोजन की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। छग राज्य हथकरघा विकास एवं विपनन सह. संस्था उपाध्यक्ष भोज राम देवांगन ने कहा कि इस आयोजन से बच्चों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्हें लगन पूर्वक लक्ष्य हासिल करना चाहिए। झाड़ूराम देवांगन को पंडवानी को पुष्पित पल्वित करने में उनके योगदान के लिए छग शासन को उन्हें पद्म पुरस्कार से नवाजने की मांग की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन ने कहा कि झाड़ूराम देवांगन को पंडवानी का जनक बताया।





### बच्चों को रुचि के विषयों में कॅरियर बनाने की सलाह

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, डॉ. ओम प्रकाश देवांगन, देवांगन समाज संरक्षक धनुक लाल देवांगन, भाजपा नेता शंकर लाल देवांगन, कुंज बिहारी देवांगन, पुरानिक राम देवांगन सहित अन्य मौजूद थे। बच्चों को अपनी रूचि के विषयों में करियर बनाने की सलाह दिया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं के 85% से 97% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 600 छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, साथ में राज्य स्तरीय खेल कूद, और अन्य विधाओं में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त प्रतिभाओं को भी अतिथियों के करकमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन सोहन लाल देवांगन अध्यक्ष भिलाईनगर ने किया।

# मानसून से पहले बारिश की राह देख रहा किसान, गर्मी ने किया हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

## किसान अब खरीफ फसल की तैयारी में जुटे, घुरवा खाद खेतों तक ले जा रहे



किसान अपने खेतों की तैयारी के लिए जुट गये है। अन्नदाता किसान अब पूरे तैयारी के साथ कृषि कार्य करने जुट गये है। घरों के कवेलू और बियारा में रखे पैरे को भी कोठार में रखने की तैयारी कर रहे है और चार महीने मानसून के और खेती की तैयारी शुरु कर रहे है। इकतीस सौ रुपये समर्थन मूल्य में धान खरीदी से अधिकांश किसानों को आर्थिक लाभ हुआ है और उस आर्थिक लाभ से कई किसान खेती करने में सुविधा हो इसके लिए उनसे सम्बन्धित कार्य कर रहे है लेकिन किसान आज भी अपनी परम्परागत खेती करने मजबूर है।

किसान रुपेश यादव ने बताया कि 1 जून से ही धान का थरहा दे दिये हैं। अलग अलग तीन चरण में थरहा देने का काम कर दिये ताकि धान के थरहा के रोपाई के लिए पर्याप्त समय व मजदूर मिल सके । लेकिन मानसून पुर्व होने वाले बारिश भी नहीं होने से और अत्यधिक गर्मी होने के कारण किसान चिंतित नजर आ रहे है।

किसान अपने खेतों की तैयारी बहुत पहले ही शुरु कर देते है ताकि वर्षा हो और फसल लेने के लिए जुताई कर खेतों में बीज डाल सकें। खेत के पानी जाने वाले स्थानों पर प्लास्टिक बोरियो में मिट्टी भरकर रखना शुरु कर दिये है। बरसात के समय खेत में पानी रोकने के लिए इन्ही मिट्टी भरी बोरियो से खेत के पानी जाने वाले जगहों को बांधकर खेत में आसानी से पानी रोका जा सकता है। पाटन क्षेत्र के उन्नत कृषक खरीफ फसलों की खेती का खेत वार योजना बनाते, अपनें खेतों की स्थिति और मिट्टी के प्रकार के अनुसार, फसल एवं किस्मों का निर्धारण करते है। तदनुसार बीज, बीजोपचार दवा, जीवाणु खाद,इत्यादि सामाग्रियों की, आवश्यक मात्रा का आकलन कर,उनकी सूची बनाते है। स्वयं तैयार किया गया बीज ही बोते है, इसलिये थोड़े से रकबे में, लगभग एक एकड़ क्षेत्र में, आधार या प्रमाणित बीज बनाते है। कीमत में ये थोड़े महंगे जरूर होते है लेकिन इनकी गुणवत्ता बहुत ऊंचे दर्जे की होती है। इन बीजों से तैयार फसल स्वस्थ्य एवं ज्यादा पैदावार देनें वाली होती है। जिसे आप अगली फसल में बीज के रूप में प्रयोग कर सकते हैं। समिति में कृषक अप्रैल माह से ही खाद बीज व नगद राशि का उठाव करना शुरु कर दिये है। किसानों को एक साथ सभी खाद व बीज मिल जाय इस प्रकार की व्यवस्था समिति द्वारा बनाई गई है । लेकिन सभी खाद व बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को समितियों के बार बार चक्कर काटने पड़ रहे है तथा आसपास के समितियों के गोदामो से भी खाद लेकर अपने घर ला रहे है। यूरिया, सुपर फास्फेट, पोटाश और डी ए पी खाद के स्थान पर एन पी के खाद दिया जा रहा है। कुछ किसान डी ए पी खाद समिति में आने का इंतजार कर रहे है और खाद की खरीदी समिति से अभी नहीं कर रहे है। किसानों ने बताया की धान के लिए डी ए पी खाद ही सही गुणवत्ता होती है और इससे फसल का उत्पादन सही आता है। सेलुद समिति के अंतर्गत किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राम ढौर व पतोरा के गोदाम से से सम्बन्धित गाँव के किसानों को खाद बीज वितरण किया जा रहा है। उन गांवों के किसानों को खाद बीज मिलने से किसानों को सहुलियत होने की बात कही है। किसान अब ट्रेक्टर के माध्यम से घुरवा खाद भी खेतों में ले जाकर डालने लगे है। सभी किसान अपने खेतों में फसल लेने तैयार नजर आ रहे है। गांवों में जानवरों का समुचित प्रबंधन हो जाय तो कृषि क्षेत्र में वरदान हो जायेगा और किसान निश्चित रुप से आर्थिक रुप से समृद्ध हो जायेगा। पढ़े लिखे लोग भी अब बहुतायत की संख्या में कृषि कार्य की ओर रुख करने लगे है ऐसे में बड़ी तेजी से कमी आ सकती है।

## खबर संक्षेप



### सफाई अभियान में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

**जामगांव आर।** नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा मण्डल जामगांव आर ने ग्राम किकिरमेटा (महामाया मंदिर परिसर) में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि स्वच्छता का स्वास्थ और संस्कार से गहरा नाता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत संस्कारित भारत के हिमायती है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष लालेश्वर साहू, रुपसिंह सिन्हा, रवि सिन्हा, कौशल गंजीर, लुभम बंछोर, चंद्रकांत साहू, सुभाष यादव,देवप्रकास, परमेश्वर चक्रधारी, सरपंच देवकी निषाद, भुनेश्वरी निर्मलकर, प्रमोद जैन, कय्यूम खान, जेठू निषाद, शेषणरायण सिन्हा, नरेंद्र धर्मगुड़ी, गालव साहू भीसम साहू, दीपक साहू एवम कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सफाई अभियान में भाग लिया।

### लोक कल्याण मेला आज


**पाटन।** नगर पंचायत पाटन के सभागार में लोक कल्याण मेला का आयोजन 15 जून को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 02.30 बजे तक आयोजित है।

## नशा और नींद बने इन हादसों की वजह

# लापरवाही के चलते हुए हादसों में मुश्किल से बची चालकों की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

### ट्रैक्टर पलट गया, दो युवक गंभीर रूप से घायल




बठेना रोड स्थित कन्या शाला से कुछ ही दूरी पर शनिवार 13 जून की शाम करीबन 5 बजे एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भयावह था कि ट्रैक्टर पलटकर पूरी तरह उल्टा हो गया और उसके चारों पहिए ऊपर की ओर दिखाई देने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक और उसका साथी ट्रैक्टर के नीचे दब गए थे, जिन्हें राहगीरों और स्थानीय लोगों की तत्परता से बाहर निकाला गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि दुर्घटना के बाद आसपास के लोगो और राहगीर तत्काल सहायता के लिए पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को उठाया गया, तब जाकर दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। हादसे के समय दोनों की स्थिति गंभीर नजर आ रही थी, जिससे घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। हालांकि दुर्घटना में उन्हें चोटें आई हैं, लेकिन समय पर मिली मदद के कारण उनकी जान बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि ट्रैक्टर चालक शराब के नशे में वाहन चला रहा था। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि चालक की जेब से शराब के दो पौव्वा देशी शराब शेरा भी मिले हैं। हालांकि इस संबंध में पुलिस या प्रशासन की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मामले की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि राहगीर समय पर मदद के लिए नहीं पहुंचते तो यह हादसा जानलेवा साबित हो सकता था। लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराने तथा नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस भीषण दुर्घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि शराब पीकर वाहन चलाना न केवल चालक बल्कि अन्य लोगों की जान के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता है। सौभाग्यवश इस हादसे में दोनों युवकों की जान बच गई, लेकिन यह घटना सभी वाहन चालकों के लिए एक बड़ी सीख है।




### गिट्टी से भरा हाईवा पलटा, ड्राइवर को झपकी आने की आशंका

**अंडा।** दुर्ग से बालोद रोड पर अंडा स्थित श्रीजी पेट्रोल पंप के पास देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। गिट्टी से भरा एक हाईवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाली में जा घुसा और पलट गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हाईवा चालक को झपकी आने की वजह से वाहन का संतुलन बिगड़ गया, जिससे यह हादसा हुआ। हादसे के समय सड़क पर ज्यादा आवाजाही नहीं होने से बड़ा नुकसान टल गया। घटना में चालक को मामूली चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है, ऐसे में चालकों को सावधानी बरतने की जरूरत है ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।



# पीडीएस के चावल की कालाबाजारी को लेकर ग्रामीणों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

■ पाटन में चल रहा बेखौफ खेल, निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

सरकारी राशन व्यवस्था में गड़बड़ी और गरीबों के हक पर डाका डालने के आरोपों के बीच सावनी राशन दुकान को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने शिकायत की है। राशन दुकान के संचालन और सेल्समैन की कार्यप्रणाली से नाराज ग्रामीणों ने पाटन एसडीएम पहुंचकर शिकायत की। सेल्समैन को तत्काल हटाने की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि राशन दुकान का संचालन मनमाने ढंग से किया जा रहा है। दुकान महीने में महज एक-दो दिन ही खोली जाती है, जिसके कारण हितग्राहियों को समय पर राशन नहीं मिल पा रहा है। गांव के सरपंच ने बताया कि मई माह का राशन अब तक लगभग 40 हितग्राहियों को नहीं मिला है। गरीब परिवार कई दिनों से चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी न तो जांच हुई और न ही कोई ठोस कार्रवाई। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि सेल्समैन नीरज मेघवानी की मनमानी चरम पर है और गरीबों के हिस्से का चावल कहां जा रहा है, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उनका कहना है कि यदि राशन वितरण की जिम्मेदारी गांव के महिला स्व-सहायता समूह को दी जाए तो व्यवस्था बेहतर हो सकती है और हितग्राहियों को समय पर राशन मिल सकेगा। इस अवसर पर रामेश्वरी जांगड़े, उमेश्वरी ठाकुर, आशु बघेल, रानी यदु, ममता वर्मा, त्रिवेणी, देवकुमारी ठाकुर, सजनी भट, रामानंद, जयपाल यदु, हेमंत जांगड़े, गोविंद यदु, अर्जुन साहू, संतोष मेहर, मनोज सेन, इंद्रजीत भट सहित अन्य मौजूद थे।

# भंसूली में सड़क हादसे का शिकार हो रहे गौवंश, स्पीड ब्रेकर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



दक्षिण पाटन क्षेत्र में भारी वाहनों में अवैध परिवहन से ग्रामीणों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। सीमावर्ती जिला धमतरी, राजिम, रायपुर से पाटन ब्लॉक के लगभग सभी ग्राम अवैध परिवहन का सुलभ रास्ता बन चुका है,जिसके चलते ग्रामीण,राहगीर और मवेशियों को आए दिन दुर्घटना का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम भंसूली, डंगनिया खम्हरिया, केसरा, तरीघाट, पाटन, खोरपा कौही, बोरेन्दा, सोनपुर, रानीतराई, जरवाय, असोगा सहित अंचलवासी इस मामले में शासन, प्रशासन से लगातार अवैध परिवहन, खनन एवं कार्यों में प्रतिबंध की मांग किए है,लेकिन प्रशासन की उदासीनता से इन कार्यों पर लगाम नहीं लग पाया है। विगत दिनों ग्राम भंसूली में केसरा -तेलीगुंडरा मार्ग एवं कौही -सोनपुर मार्ग में दो गौवंश की मौत हाइवा से कुचलने से हो गई,जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू,जनपद सदस्य दिनेश साहू,महामंत्री डॉ हेमंत साहू ने उक्त घटना की जानकारी एसडीएम लवकेश ध्रुव को दी, उन्होंने तत्काल लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर नवीन वर्मा को स्थल निरीक्षण कर स्पीड ब्रेकर निर्माण का आदेश दिए। सरपंच भगवती साहू एवं ग्रामीणों ने मांग की है सभी दुर्घटना जन्य क्षेत्र में जल्द स्पीड ब्रेकर निर्माण की मांग की है।



### स्वच्छता अभियान में पंचायत भवन व बस स्टैंड परिसर की हुई सफाई

**अण्डा।** ग्राम पंचायत ओडारसकरी में हर माह की भांति इस माह के प्रथम शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान सरपंच अनिल सोनी के नेतृत्व में स्वच्छता समूह की महिलाओं एवं ग्रामवासियों की सहभागिता से संपन्न हुआ।

अभियान के तहत ग्राम पंचायत भवन के आसपास एवं बस स्टैंड परिसर में विशेष सफाई की गई। सफाई के दौरान कचरा एकत्र कर उसका उचित निस्तारण किया गया तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

सरपंच अनिल सोनी ने कहा कि गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए सभी ग्रामीणों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें और स्वच्छता अभियान में नियमित रूप से भाग लें।इस अवसर पर स्वच्छता समूह की महिलाओं और ग्रामवासियों ने गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। ग्रामवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे गांव के विकास और स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# खपरी सिलोदा में मनरेगा के तहत नहर नाली सफाई व गहरीकरण कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ किसानों को मिलेगा सिंचाई का लाभ



ग्राम खपरी सिलोदा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत शिव मंदिर से नरोत्तम साहू के खेत तक नहर नाली की सफाई एवं गहरीकरण का कार्य प्रगति पर है। इस कार्य से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई व्यवस्था में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बताया गया कि नहर नाली में लंबे समय से कंटीले पेड़-पौधे उग आए थे तथा मिट्टी का जमाव हो जाने के कारण अपासी (सिंचाई) के समय खेतों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा था। इससे किसानों को खेती में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब मनरेगा योजना के तहत नाली की सफाई और गहरीकरण होने से पानी का प्रवाह सुचारू रूप से होगा और किसानों के खेतों तक पर्याप्त मात्रा में पानी पहुंचेगा। इससे खेती-किसानी में सुविधा होगी और उत्पादन बढ़ने की संभावना है। इस कार्य में वर्तमान में 88 मजदूर लगे हुए हैं, जिससे ग्रामीणों को रोजगार भी मिल रहा है। ग्रामीणों ने इस कार्य को गांव और किसानों के हित में महत्वपूर्ण बताते हुए शासन की इस पहल की सराहना की।

## बिजनेस साइट


# भारी पड़ी जन्मजात बीमारी की उपेक्षा, एक किडनी खत्म और दूसरी मुश्किल से बची



**भिलाई।** जन्मजात विकारों का यदि समय रहते पता न लगा लिया जाए तो आगे चलकर भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इस 23 वर्षीय युवक के साथ ही कुछ ऐसा ही हुआ। पोस्टीरियर यूरेथ्रल वॉल्व पुरुषों की मूत्र नली (यूरेथ्रा) में ऊतकों की ऐसी रुकावट वाली परतें होती हैं जो ब्लैडर से पेशाब के बहाव को रोकती हैं। हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में उसका इलाज किया गया और एक किडनी को बचा लिया गया। यूरोलॉजिस्ट डॉ नवीन वैष्णव ने बताया कि जन्म के समय होने वाली इस समस्या के कारण पेशाब का बहाव रुककर वापस जमा हो सकता है, जिससे किडनी में सूजन आ सकती है, ब्लैडर को नुकसान पहुँच सकता है और भ्रूण के विकास के दौरान फेफड़ों का विकास भी प्रभावित हो सकता है।

इस युवक के साथ भी ऐसा ही हुआ था। पेशाब रुकने के कारण उसकी दोनों किडनियों में सूजन आ चुकी थी। बायीं किडनी ने काम करना बंद कर दिया था। दाहिनी किडनी भी बहुत कम काम कर पा रही थी। इसके साथ ही उसे प्लीयूरल इफ्यूजन की शिकायत हो गई। यह एक ऐसी मेडिकल स्थिति है जिसमें फेफड़ों और छाती की दीवार के बीच की झिल्ली (प्लूरल स्पेस) में असामान्य रूप से अत्यधिक तरल (द्रव) जमा हो जाता है। युवक को आईसीयू में शिफ्ट कर उसे गहन निगरानी में रखा गया। इंटेंसिविस्ट डॉ नीलिमा बम्बोडे की देखरेख में युवक की स्थिति संभलने पर दूरबीन पद्धति से युवक की सर्जरी कर जन्मजात विकार को दूर किया गया। युवक की बायीं किडनी तो नष्ट हो चुकी थी पर दाहिनी किडनी को बचाने में हम सफल रहे। इस बीच डॉ. सुमन राव की देखरेख में युवक को डायलिसिस पर रखा गया। उसे डायलिसिस के तीन चक्र देने पड़े। इसके बाद किडनी ने अपना काम पुनः संभाल लिया। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद युवक को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

डॉ. वैष्णव ने बताया कि पेशाब की मात्रा में होने वाले परिवर्तन, रंग या गंध में कोई बड़ा परिवर्तन होने पर भी तत्काल किसी यूरोलॉजिस्ट को दिखाना चाहिए।


## बेलौदी वेटलैंड में चलाया गया सफाई अभियान

# वानिकी के छात्रों ने जाना वेटलैंड का महत्व, अभियान का बने हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण के उद्देश्य से ग्राम बेलौदी के प्रसिद्ध वेटलैंड (आर्द्रभूमि) में एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में वानिकी महाविद्यालय सांकरा के बीएससी चतुर्थ वर्ष के छात्र छात्राओं के साथ वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एवं वेटलैंड मित्र राजू वर्मा भी शामिल हुए। उन्होंने न केवल श्रमदान किया, बल्कि कैमरे की नजर से आर्द्रभूमि के महत्व और वन्यजीवों के अंतर्संबंधों को बेहद सरल शब्दों में विद्यार्थियों के सामने रखा।

लगभग 2 घंटे चके सफाई अभियान में वेटलैंड और उसके आस-पास फैले प्लास्टिक, कांच की बोतलें और अघुलनशील कचरे को साफ किया। बांध के किनारों से गंदगी हटाने का मुख्य उद्देश्य यहाँ आने वाले प्रवासी और स्थानीय पक्षियों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण देना रहा। पक्षी प्रेमी राजू वर्मा ने वेटलैंड्स के महत्व को बताते हुए कहा कि वेटलैंड 'प्रकृति का गुर्दा (किडनी)' है। यह पानी को प्राकृतिक रूप से साफ करता है, भूजल स्तर को बढ़ाता है और बाढ़ जैसी आपदाओं से सुरक्षा प्रदान करता है।उन्होंने बताया कि बेलौदी वेटलैंड हर साल ठंड के दिनों में विदेशी और स्थानीय प्रवासी पक्षियों का घर बनता है। आर्द्रभूमि केवल पानी का स्त्रोत नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण इकोसिस्टम है। यहाँ की मछलियाँ, जलीय पौधे और पक्षी आपस में जुड़े हुए हैं। सफाई अभियान के दौरान वेटलैंड क्षेत्र में टिटहरी के घोसले में अंडे मिले जिसे विद्यार्थियों ने अवलोकन किया और टिटहरी के व्यवहार का अध्यन किया साथ ही अन्य ग्राउंड बर्ड जैसे लार्क, पिपिट,रिंग प्लोवर आदि पक्षियों बारे में विस्तार से जाना।

# छत्तीसगढ़ शासन के माननीय कैबिनेट मंत्री

# श्री गजेंद्र यादव जी ल जनमदिन के गाड़ा-गाड़ा बधई

## अउ हार्दिक शुभकामना...















जनसेवा, शिक्षा और विकास के प्रति समर्पित नेतृत्व :

# माननीय गजेंद्र यादव जी

15 जून 2026 छत्तीसगढ़ शासन के माननीय शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव जी के जन्मदिन का विशेष अवसर है। यह दिन न केवल उनके परिवार, समर्थकों और शुभचिंतकों के लिए खुशी का अवसर है, बल्कि प्रदेश के उन हजारों विद्यार्थियों, शिक्षकों और नागरिकों के लिए भी महत्वपूर्ण है जो उनके नेतृत्व और कार्यों से प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

श्री गजेंद्र यादव जी ने सार्वजनिक जीवन में सदैव जनसेवा, शिक्षा के विकास और समाज के उत्थान को प्राथमिकता दी है। शिक्षा मंत्री के रूप में उनका उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना तथा शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, सुलभ और प्रभावी बनाना रहा है। उनके नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, विद्यालयों के विकास और विद्यार्थियों के हित में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं।

उनकी कार्यशैली सरल, सहज और जनसरोकारों से जुड़ी हुई है। वे हमेशा आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। यही कारण है कि वे समाज के विभिन्न वर्गों के बीच लोकप्रिय और सम्मानित हैं।

जन्मदिन के इस शुभ अवसर पर हम सभी उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हैं। ईश्वर उन्हें निरंतर ऊर्जा, सफलता और जनसेवा के लिए शक्ति प्रदान करें, ताकि वे प्रदेश के विकास और शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करते रहें।







**माननीय गजेंद्र यादव जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।**

"आपका जीवन सेवा, समर्पण और सफलता की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करता रहे तथा छत्तीसगढ़ निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होता रहे।"










# दुर्ग की गलियों से निकलकर गजेंद्र यादव ने तय किया शिक्षामंत्री का सफर

साधारण कार्यकर्ता से प्रदेश के शिक्षा तक का प्रेरणादायक सफर अब दुर्ग शहर के विकास को दे रहे नई दिशा

**गजेंद्र यादव**
शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
खादी ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायिकी मंत्री

## एक संघर्षशील छात्र से जनता के लोकप्रिय नेता तक

शहर की तंग गलियों में घूमते-फिरते, पढ़ते, दोस्तों के साथ मौस्ती करते दिन बिताने वाले गजेंद्र यादव ऊर्फ गज्जू आज छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री हैं। उन्होंने गांव बुधनी से आने के बाद अपनी प्रारंभिक शिक्षा शहर के बरईपारा स्थित मारवाड़ी स्कूल से ग्रहण की। आठवीं तक पढ़ने के बाद उन्होंने आगे जेआरडी स्कूल में पढ़ाई की। बाद में अन्यत्र दूसरे स्कूल में पढ़ने के बाद 2003 में एमए राजनीति शास्त्र में किया। इससे पहले 1993 में 12वीं की पढ़ाई पूरी की। 1996 में उन्होंने साइंस कॉलेज से बीएससी की डिग्री पूरी की।

उन्होंने बीएसपी में नौकरी के लिए फिटर ट्रेड में आईटीआई भी किया। इस बीच उन्होंने अपने पुराने दोस्तों का साथ कभी नहीं छोड़ा। राजनीति में पदार्पण हुआ। दुर्ग निगम में विद्युत नगर से पार्षद बने, पार्षद बनने के बाद लंबे समय राजनीति में सक्रिय रहे। इसके बाद 2023 में भाजपा ने उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण को देखते हुए दुर्ग शहर विधानसभा से टिकट दिया।

गजेंद्र यादव ने पार्टी का भरोसा जीतकर कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा के तीन बार के विधायक बेटा अरुण वोरा को रिकॉर्ड मतों से हराया। उन्हें 97,906 वोट मिले और उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अरुण वोरा को 48,697 वोटों के अंतर से हराया था। पार्टी ने उनकी कार्यशाली को देखते हुए शिक्षा जैसे बड़ा और जिम्मेदार मंत्रालय सौंपा है। खादी ग्रामोद्योग और विधि-विधायिका जैसा मंत्रालय वे देख रहे हैं। प्रदेश स्तर पर कामों की व्यस्तता के बाद भी उन्होंने दुर्ग शहर को नहीं छोड़ा है। वे लगातार दुर्ग शहर के विकास की इबारत लिखने में जुटे हुए हैं। विधायक बनने के बाद से अब तक गजेंद्र यादव ने शहर विकास में अपना योगदान जारी रखा है। रोजगार के लिए आईटी पार्क और नालंदा परिसर, स्वीमिंग पूल, जेल तिराहा से मिनी माता चौक तक फोरलेन, साइंस कॉलेज के पास से केनाल रोड, ट्रैफिक जाम से मुक्ति से मार्केट एरिया में चौड़ी सड़कें, चंडी-शीतला मंदिर कॉरिडोर, नयापारा सड़क का चौड़ीकरण, जेआरडी स्कूल होगा हाईटेक, 11 स्कूलों में स्मार्ट क्लास उनकी कुछ बड़ी प्राथमिकताएं रही है।

## आईटी पार्क की रखी आधारशिला, 35 से ज्यादा मल्टीनेशनल कंपनियां आएंगी



दुर्ग जिले को आईटी और डिजिटल क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि गजेंद्र यादव के नाम है। निगम के वर्किंग वुमन हॉस्टल में फिलहाल इसका कैम्प कार्यालय शुरू किया गया है, जहां से आईटी पार्क का काम शुरू किया है। आईआईटी भिलाई के एक्सपर्ट की मदद से यहां इस डिजिटल युग में एआई, आंत्रप्रेन्योर, स्टार्टअप, स्किल्ड गाइडेंस दिया जाएगा। देश-विदेश की 35 से ज्यादा कंपनियां यहां निवेश करने जा रही हैं। इससे दो हजार से ज्यादा स्किल्ड युवाओं को रोजगार मिलेगा। एक आईटी हब के रूप में दुर्ग विकसित होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अत्याधुनिक आईटी पार्क का लोकार्पण किया था। आईटी पार्क प्रदेश में तकनीकी विकास, निवेश और रोजगार सृजन को नई गति देगा। यह परियोजना विकसित छत्तीसगढ़ और आत्मनिर्भर युवाशक्ति के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बढ़ते अवसरों को देखते हुए राज्य सरकार ऐसे वातावरण का निर्माण कर रही है जहां युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार और उद्यमिता के अवसर मिल सकें। गजेन्द्र यादव का मानना है कि दुर्ग में स्थापित आईटी पार्क जिले और आसपास के युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगा। यहां स्टार्टअप, तकनीकी नवाचार, डिजिटल सेवाओं और आधुनिक उद्योगों के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए द्वार खुलेंगे और दुर्ग प्रदेश के प्रमुख आईटी केंद्रों में अपनी पहचान बनाएगा।

## विधायक बनते ही चंडी-शीतला मंदिर कॉरिडोर पर दिया जोर



गजेंद्र यादव ने विधायक बनने के तुरंत बाद प्राचीन धरोहरों को सहेजने को लेकर कार्ययोजना तैयार की। इसमें चंडी मंदिर, शीतला मंदिर, सत्ती चौरा, लंगूरवीर मंदिर होते हुए राम मंदिर, कंकालीन मंदिर होते हुए एक नए कॉरिडोर डेवलप करने की दिशा में काम शुरू किया। साथ ही संकरी गलियों को चौड़ाकरण के लिए प्लानिंग की। वर्तमान में प्रथम चरण में चंडी मंदिर से नयापारा होकर नई सड़क का काम स्वीकृत हो चुका है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने इस सड़क का भूमिपूजन किया, जिसमें 16.53 करोड़ की लागत से सड़क का काम शुरू हुआ। आगामी दिनों में शहर की गलियों से गुजरने वाले मार्गों का सौंदर्यीकरण किया जाना है। इंदिरा मार्केट तक ट्रैफिक जाम से मुक्ति के लिए उन्होंने कार्ययोजना तैयार करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। पिछले दिनों खुद फील्ड पर उतरकर बारीकी से जांच की। ट्रैफिक डायवर्ट करने से लेकर रास्ता सुगम बनाने को लेकर प्लानिंग की।

## जेआरडी स्कूल होगा हाईटेक, अंग्रेजों के जमाने का कलेक्टोरेट बनेगा संग्रहालय



गजेंद्र यादव ने जिस जेआरडी स्कूल में पढ़ाई की, उसका रिनोवेशन किया जाएगा। इतना ही नहीं स्मार्ट क्लास के साथ डिजिटल सिस्टम से लैस कक्षाएं लगेंगी। कई अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। पिछले दिनों निरीक्षण के दौरान उन्होंने इसे लेकर निर्देशित किया है। अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी प्रकार अंग्रेजों के जमाने के कलेक्टोरेट का भी संवर्धन किया जाएगा। उसे एक संग्राहलय के रूप में विकसित किया जाएगा। साथ ही कलेक्टोरेट के पीछे एक कंपोजिट बिल्डिंग विकसित की जाएगी, जिसमें सभी सरकारी दफ्तर एक ही जगह उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि लोगों को अलग-अलग विभागीय दफ्तरों के लिए भटकना न पड़े।

## शहर में बिछेगा सड़कों का जाल, तीन प्रमुख फोरलेन

आगामी 6 महीने के भीतर शहर में सड़कों का जाल बिछाए जाने की तैयारी की गई है। इसमें इंदिरा नगर जुनवानी से विभिन्न तीन कॉलोनियों तक पहुंच मार्ग करीब 86 लाख में तैयार किया जाना है। अंजोरा-नेहरूनगर बाइपास रोड पर दोनों तरफ सर्विस लेन का काम शुरू हो चुका है। गंजपारा चौक से शिवनाथ नदी तक 4.84 करोड़ से सड़क, समोदा नाले पर 9.75 करोड़ से नया पुल, इंदिरा मार्केट में 16.29 करोड़ से मल्टीलेवल पार्किंग, 12.13 करोड़ से नालंदा परिसर, 5.22 करोड़ से साइंस कॉलेज के बाजू स्थित जीई रोड से स्टेशन रोड़ तक केनाल रोड, पोटिया चौक से ट्रेंचिंग ग्राउंड होते हुए गुंडरदेही मार्ग तक नई सड़क, 11.02 करोड़ से राजेन्द्र पार्क चौक से अंडरब्रिज तक तथा आईएमए चौक से अग्रसेन चौक तक फोरलेन, 17.23 करोड़ से नगरोत्थान योजना अंतर्गत मुख्य मार्गों में सड़क का विकास एवं चौड़ीकरण शामिल है।



### रोजगार के लिए आईटी पार्क और नालंदा परिसर



### शहर को मिला पहला स्वीमिंग पूल



### जेल तिराहा से मिनी माता चौक तक फोरलेन



### साइंस कॉलेज के पास से केनाल रोड



### ट्रैफिक जाम से मुक्ति से मार्केट एरिया में चौड़ी सड़कें



### चंडी-शीतला मंदिर कॉरिडोर




### नयापारा सड़क का चौड़ीकरण



### जेआरडी स्कूल होगा हाईटेक



गजेंद्र का सपना शिक्षित दुर्ग | स्वस्थ दुर्ग | समृद्ध दुर्ग | सुंदर दुर्ग | सशक्त दुर्ग